हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 174, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 24 दिसम्बर, 2023 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा, कानून से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : योगी आदित्यनाथ

### सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रदेश के 18 किसानों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री करीब 12.45 पर कार्यक्रम स्थल बिलारी पहुंचे। योगी आदित्यनाथ के बिलारी में होने वाली जनसभा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर जुटे। मंच और पंडाल के चारों ओर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रही। ढकिया नरू गांव में आयोजित किसान सम्मान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था की बारीक जानकारी रखते थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का किसान लगातार आगे बढ़ रहा है। किसानों को कई प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश की सभी चीनी मिलों को चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गन्ना किसानों का लगातार भुगतान भी किया जा रहा है। प्रदेश के सभी किसानों तक लाभ पहुंचे इसके लिए कई योजनाएं तैयार की गई है। सीएम ने कहा कि जिन किसानों के पास निजी ट्यूबवेल है उन्हें सरकार की तरफ से फ्री बिजली मिलेगी। इसके साथ ही मुरादाबाद से जल्द हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के शासन के दौरान प्रदेश में लगातार दंगा होता था। अब




कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाता है। अब लोग कहने लगे हैं 'कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा'। विपक्षी दल सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता ने उपराष्टपति का मजाक उड़ाया। इसकी सजा उन्हें जनता देगी। यह संविधान और बाबा साहेब भीमराव का अपमान है। इससे पहले उन्होंने प्रदेश के 18 किसानों को सम्मानित किया। इसमें मुरादाबाद मंडल के नौ किसान शामिल हैं। संभल के फईम और रामपुर जिले के दो किसान अमित वर्मा एवं रामलाल को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। संभल जिले के पत्था निवासी फईम को मक्का उत्पादन में एक लाख, पत्था के रहने वाले अनिश को 75 हजार का पुरस्कार दिया गया। रामपुर जिले के पुरैनिया जदीद निवासी रामलाल को एक लाख और प्रेमवती प्रेमवती को 75 हजार का चेक सौंपा गया। प्राकृतिक खेती में अच्छा उत्पादन करने पर बिजनौर जिले के शरद कुमार सिंह 75 हजार रुपये से पुरस्कृत किए गए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद जिले के खानपुर मुज्जफरपुर निवासी किसान सत्यवीर सिंह और गौरा शाहगढ़ निवासी महेंद्र सिंह को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत मुरादाबाद जिले के स्योडारा बिलारी निवासी वीरेश कुमार, आगरा जिले के हरिविलास और हापुड़ जिले के शाकरपुर निवासी हरविंदर सिंह ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की गई।

### भारी बारिश से तबाह इलाकों में वायुसेना पहुंचा रही राहत सामग्री

चेन्नई। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण आम जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के कारण भारतीय वायुसेना बचाव अभियान चला रही है। एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय वायुसेना राहत सामग्री पहुंचा रही है। भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अनुसार, एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव ने बारिश से तबाह थूथकुडी जिले में 12 अलग-अलग स्थानों पर 11 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई। बता दें, अब तक प्रभावित इलाकों में 59 टन राहत सामग्री हवाई मार्ग से पहुंचाई जा चुकी है। इससे पहले राज्य के सीएम एमके स्टालिन कह चुके है कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। थामिराबरानी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के कारण थूथुकुडी जिले में श्रीवैकुंठम स्टेप बांध ओवरफ्लो हो गया है। पानी की ऊंची-ऊंची लहर उठ रही है। तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में राहत कार्य जारी है जबकि पुलिस के साथ एनडीआरएफ की एक टीम ने शनिवार को एसआईपीसीओटी औद्योगिक क्षेत्र में फंसे लोगों को बचाया। टीम ने एसआईपीसीओटी पुलिस के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित महिलाओं और बच्चों को नाव से बचाया और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया।

## पीएम मोदी ने भाजपा पदाधिकारियों को दिया मंत्र, सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश

नई दिल्ली। अगले साल होने वाले लोकसभा के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। बंद कमरे में हुई बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संबोधित किया। आधिकारिक तौर पर पार्टी की तरफ से कुछ नहीं बताया गया है कि पीएम मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक में क्या कुछ कहा। लेकिन सूत्रों ने कहा कि पार्टी नेताओं को यह संदेश दिया गया है कि चुनाव की घोषणा में अब तीन महीने से भी कम समय रह गया है, ऐसे में वे सरकार के अच्छे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहे सकारात्मक फीडबैक के बारे में भी चर्चा हुई। भाजपा ने अपने सदस्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।




प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को ध्यान में रखते हुए काम किया जाना चाहिए। साथ ही पीएम मोदी ने सभी पदाधिकारियों से मिशन मोड में काम करने को कहा। बैठक में पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करने और गरीबों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिक डेटा साझा करने के लिए कहा गया। पीएम ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे नकारात्मक प्रचार का तथ्यों के साथ सकारात्मक जवाब दें।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक में पहला विषय रखा कि लोकसभा चुनाव में 10 फीसदी वोट बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर काम करना होगा। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिए बूथ प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बूथ प्रबंधन का उदाहरण दिया और कहा कि पार्टी पदाधिकारी बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लें। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती से ही जीत हासिल होती है, इसलिए हमें पूरी तरह तैयार होकर ही लोगों के बीच जाना होगा।

बाद में नड्डा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा देश के मुख्य आधार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण की राह पर आगे बढ़ रही है। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बैठक में शामिल हो सकते हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनावों में तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में जीत हासिल की है। इसके साथ ही आगामी आम चुनाव के लिए पार्टी अपना प्रचार कार्यक्रम तैयार करने जा रही है।

## अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों की फायरिंग में एक घुसपैठिया ढेर, तीन भागे

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई है। 22 और 23 दिसंबर की रात को चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। अलर्ट सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देख फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि तीन वापस भाग गए। तीनों आतंकी एक शव को घसीटकर ले गए। आतंकवादियों को एक शव को आईबी के पार घसीटते हुए देखा गया है। आपको बता दें कि पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंकी अपना ठिकाना बना रहे हैं। भारत ने 2020 में चीन के साथ बिगड़े हालातों के बीच राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिटों को पुंछ सेक्टर से हटाकर लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया था। सूत्रों ने कहा कि पुंछ और



राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है, ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से सैनिकों को हटाने और इस क्षेत्र में बलों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाया जा सके। पिछले वर्षों में जब से सेना लद्दाख ऑपरेशन के लिए रवाना हुई है। इस बीच पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तान से अपने आतंकवादियों को राजोरी-पुंछ क्षेत्र में भेजना शुरू कर दिया, ताकि भारत को क्षेत्र में अपने सैनिकों को फिर से तैनात करने के लिए मजबूर किया जा सके। जम्मू संभाग के जिला पुंछ और राजोरी में शुक्रवार को सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान चल रहा है। पुंछ के बफलियाज में घटना स्थल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पहुंच गई है। जीओसी 16 कोर लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे हुए हैं। राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी डॉ. हसीब मुगल सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे हुए हैं।

## सूखा सहायता राशि मांगने प्राइवेट लग्जरी जेट से दिल्ली गए सीएम सिद्धारमैया, बीजेपी ने घेरा

बंगलूरू। कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने के लिए अभियान शुरू किया है। वहीं इस बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें वह एक प्राइवेट लग्जरी जेट में बैठे नजर आ रहे हैं। सीएम के साथ कर्नाटक के मंत्री जमीर अहमद खान भी हैं। इसे लेकर भाजपा ने सीएम और कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि एक तरफ कांग्रेस चंदा मांग रही है, वहीं दूसरी तरफ सीएम सिद्धारमैया प्राइवेट जेट में घूमते दिख रहे हैं। भाजपा अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान ने पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अमित मालवीय ने लिखा कि 'एक तरफ कांग्रेस ऐसे दिखा रही है कि वह चंदा मांग रही है और उनके पास विपक्षी गठबंधन के नेताओं को समोसे खिलाने का भी पैसा नहीं हैं। वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान, सीएम सिद्धारमैया के साथ प्राइवेट लग्जरी जेट की अपनी तस्वीरें दिखा रहे हैं। इन्हें देखकर लग रहा है कि इन्होंने सूखा पीड़ितों के लिए सहायता राशि मांगने के लिए दिल्ली जाते समय यात्रा के दौरान अच्छा समय बिताया। दुर्भाग्य ये है कि कर्नाटक में प्रशासन चरमराया हुआ है लेकिन कांग्रेस की लूट जारी है।' कर्नाटक भाजपा के नेता सीटी रवि ने भी जमीर अहमद



खान की वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा किया है और आरोप लगाया कि सरकार के पास किसानों को देने के लिए पैसे नहीं हैं लेकिन सीएम प्राइवेट जेट में उड़ान भर रहे हैं। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए फंड जुटाने के लिए कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने वाला अभियान शुरू किया है। इस अभियान को 'डोनेट फॉर देश' नाम दिया गया है।

## 'शायद क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के लिए बुलाया', ईडी के सामने पेश होने से पहले बोले कार्ति चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शनिवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। इससे पहले, ईडी कार्यालय के बाहर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ईडी का मुझे बुलाना कोई नई बात नहीं है। यह रोजाना का हो गया है। वही पुराने सवाल-जवाव होते हैं। अभी क्रिसमस का समय है। सिर्फ शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए बुलाया गया होगा। बता दें, 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच में पूछताछ के लिए ईडी ने समन जारी किया था। पहले भी इस मामले में कई बार पूछताछ की जा चुकी है। कार्ति ने कहा, 'ईडी में यह मेरा 20वां दिन है। यह एक नियमित मामला बनता जा रहा है। वे वही बातें पूछते हैं और मैं वही जवाब देता हूं। यह एक निष्क्रिय और बंद मामला है। सीबीआई इस मामले को बंद कर चुकी है, लेकिन वे इसे फिर से



खोलना चाहते हैं और मुझसे कुछ पूछना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरे वकील पहले ही बड़े पैमाने पर जवाब दे चुके हैं। उन्हें 100 पन्नों का जवाब दे चुके हैं। मैं वही दोहराऊंगा। यह क्रिसमस का समय है। इसलिए शायद उन्होंने मुझे याद किया है और मुझे फिर से बुलाया है। क्रिसमस की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए बुलाया गया हैं।' सीबीआई के आरोपों के अनुसार, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और यह निर्धारित समय से पीछे चल रहा था। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार टीएसपीएल के एक अधिकारी ने 263 चीनी कामगारों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी, जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये का आदान-प्रदान किया गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि टीएसपीएल के तत्कालीन एसोसिएट उपाध्यक्ष विकास मखारिया ने मानसा स्थित बिजली संयंत्र में काम करने वाले चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने के लिए भास्कररमन से संपर्क किया था।

## कोरोना : मई के बाद पहली बार एक दिन में सबसे ज्यादा केस दर्ज

नई दिल्ली। भारत सहित दुनिया के कई देशों में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि रिपोर्ट की जा रही है। चीन में नवंबर में बढ़े संक्रमण के मामलों के बाद सिंगापुर और फिर भारत में भी हालात बिगड़ने की खबर है। शनिवार (23 दिसंबर) के आंकड़ों की बात करें तो देश में कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों ने करीब आठ महीनों की रिकॉर्ड तोड़ दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में शुक्रवार को एक दिन में 752 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 21 मई के बाद सबसे अधिक है। इसके साथ देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3,000 का आंकड़ा पार कर 3,420 हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में चार लोगों की मौत (दो केरल से और एक-एक राजस्थान और कर्नाटक) भी हुई है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों में के लिए दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे JN.1 वैरिएंट को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब तक हुए अध्ययनों में कोरोना के इस वैरिएंट को ओमिक्रॉन के पिछले वैरिएंट्स से मिलता-जुलता ही बताया गया है, पर कुछ बातें हैं जो JN.1 वैरिएंट की प्रकृति को खतरनाक बनाती हैं। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) सहित दुनिया के तमाम स्वास्थ्य संगठनों का




कहना है कि कोरोनावायरस अपने आपको जीवित रखने के लिए लगातार म्यूटेट हो रहा है। JN.1 उसी की एक रूप है। संक्रमण की वर्तमान शीतकालीन लहर ने अचानक से चिंता जरूर बढ़ा दी है पर ज्यादातर रोगियों में इस वैरिएंट के कारण हल्के लक्षण ही देखे जा रहे हैं, बड़ी संख्या में लोग घर पर रहकर ठीक भी हो रहे हैं।

## कांग्रेस के विरोध मार्च में हिंसा, पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछारें; थरूर ने कहा- कोई चेतावनी नहीं दी गई

तिरुवनंतपुरम। केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हिंसा की खबरें है। प्रदर्शनारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया, जिसके बाद भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारें छोड़ीं। यह मार्च केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने वाम सरकार के लोगों तक पहुंचने के कार्यक्रम नव केरल सदास के खिलाफ आंदोलन के दौरान अपने कार्यकताओं पर पुलिस के कथित अत्याचार के विरोध में आयोजित किया था। बताया जा रहा है कि जिस वक्त पुलिस ने आंसू गैस के गोले और पानी की बौछारें छोड़ीं उस वक्त केपीसीसी प्रमुख के. सुधाकरन, विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला सहित वरिष्ठ नेता डीजीपी कार्यालय के पास अस्थायी मंच पर मौजूद थे। सुधाकरन और चेन्निथला आंसू गैस के गोलों से प्रभावित हुए, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने उन्हें पास खड़ी एक कार तक पहुंचाया। सुधाकरन ने जैसे ही अपना भाषण समाप्त किया, पार्टी सदस्य डीजीपी कार्यालय के पास लगाए गए अवरोधकों पर चढ़ने लगे और उन्होंने सुरक्षा घेरे को पार करने का प्रयास किया। सतीशन के संबोधन के दौरान पानी की बौछारें छोड़ी गईं। इसके बाद अफरा-तफरी के माहौल में सभा समाप्त हो गई। इस घटना पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, 'यह बेहद हैरान वाला अनुभव था। मैं व्यक्तिगत रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों के प्रति उनकी अवमानना की बेशर्मी का गवाह था। कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। बड़े-बड़े नेताओं के भाषण हो रहे थे। अचानक बिना किसी भी उकसावे के कारण मंच के ठीक पीछे एक आंसू गैस का गोला फटा और पानी की बौछार की गई। हमें समझ में नहीं आ रहा कि क्यों कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।' उन्होंने कहा, 'मैंने तुरंत डीजीपी को फोन किया और कड़ी भाषा में विरोध किया। यह एक आपराधिक कृत्य था। यह बिना किसी उकसावे के, बिना किसी चेतावनी के हुआ। केरल अराजक शासन का गवाह बन रहा है, जिन्हें कानून का पालन करने वालों पर हमला करने की पूरी आजादी दी गई है। मैं इसे संसद स्पीकर के समक्ष भी उठाने जा रहा हूं क्योंकि मंच पर मौजूद आधा दर्जन सांसदों के संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन किया गया है।'



## तेजस्वी यादव को ईडी ने फिर जारी किया समन, विदेश यात्रा की अनुमति वाली याचिका पर कोर्ट में सुनवाई जल्द



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को शनिवार को एक नया समन भेजा है। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। तेजस्वी यादव को पांच जनवरी को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा गया है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी विदेश यात्रा करने की मांग वाली याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। तेजस्वी यादव ने अदालत से अगले साल छह से 18 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करने की अनुमति मांगी है। बता दें, इससे पहले ईडी ने तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और उनके पिता आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, 22 दिसंबर के समन को तेजस्वी ने नजरअंदाज कर दिया और एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। गौरतलब है, अक्तूबर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और राजद सांसद मीसा भारती को राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में चारों को जमानत दे दी थी।

## संपादकीय

# हताशा में हमला, पुंछ-राजौरी के जंगल बने आतंकियों का ठिकाना

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार को एक बार फिर आतंकवादियों ने घात लगाकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके पीछे आतंकियों की हताशा से उपजी यह दशार्ने की भावना हो कि उनका वहां अब भी थोड़ा-बहुत प्रभाव बना हुआ है। अगर यह बात सही है तो हो सकता है आने वाले दिनों में ये बचे-खुचे आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करें। जाहिर है, सुरक्षाकर्मियों को इस लिहाज से भी अपनी तैयारी रखनी होगी। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिस इलाके में यह आतंकी हमला हुआ है, वह घने जंगलों के लिए जाना जाता है। डेरा की गली और बुफलियाज के बीच के इस इलाके में चामरेर के जंगल हैं और आगे भाटा धुरियन जंगल शुरू हो जाता है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंकविरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवतः स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है। घने जंगल के कारण यहां आतंकियों का छिपना आसान है और जवानों का उन्हें ढूंढना खतरनाक। लेकिन जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह से शांति-व्यवस्था लौटी है, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या रोजगार के मौके जिस तरह से बढ़ा रही है और सीमा पार से घुसपैठ को जिस तरह से रोका गया है, उन्हें देखते हुए यह समझना मुश्किल नहीं कि आतंकवादियों का यह ठिकाना भी ज्यादा समय तक बना नहीं रह सकता। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब अगले साल चुनाव होना भी तय हो चुका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली आम लोगों को अपनी इच्छा और आकांक्षा व्यक्त करने के बेहतर मौके मुहैया कराएगी जिससे हिंसक और आतंकी तत्वों के अलग-थलग पड़ने की प्रक्रिया और तेज होगी।

## खूब हो रही बैठक!



चिंतन मंथन चल रहा ।
हो कैसे सुधार ?
रूठ गई है जनता ।
ना करती उपकार ।।
कायाकल्प हो पुनः ।
है ऐसा प्रयास ।।
जनता को नहीं आया पर ।
कार्यशैली रास ।।
खूब हो रही बैठक ।
नहीं निकलता हल ।।
ले रहे संकल्प ।
उत्तम करना कल ।।
कहां हो रही गलती ।
नहीं समझ ये आया ।।
है लेकिन ये सत्य ।
हो रहा सफाया ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# राजस्थान में कांग्रेस को अपनाना होगा भाजपा वाला मॉडल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में भी कांग्रेस पार्टी को यथा शीघ्र ही नया प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता का चयन करना चाहिए। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा स्वयं तो चुनाव जीत गए मगर उनसे चलते कांग्रेस पार्टी को चुनाव में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी विवादास्पद छवी तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उनके परिजनों के चयन को लेकर भी प्रदेश में बड़े विवाद उठे थे। जिसके बाद से ही कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी। मुख्यमंत्री रहते अशोक गहलोत ने आमजन के लिये अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। मगर डोटासरा जैसे लोगों के बड़बोलेपन के चलते योजनाएं अप्रभावी गोकर रह गई थी। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 69 विधायक जीतकर आए हैं। जिनमे सबसे अधिक 17 विधायक जाट समाज से है। जाट समाज से 17 विधायकों के जीतने से साफ प्रतीत होता है कि जाटों ने आज भी कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा है। जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है। जबकि भाजपा को मात्र 6 सीट ही मिल पाई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र में कांग्रेस को 15 सीट मिली थी। वही गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले की कुल 11 में से 10 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। जबकि भाजपा को मात्र तीन सीट ही मिल पाई है। इस तरह देखें तो गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु झुंझुनू, सीकर की 31 में से कांग्रेस ने 20 सीट जीत ली है। वही भाजपा को मात्र 9 सीट ही मिल पाई है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसी जाट विधायक की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जाट समाज से जीतने वाले विधायकों में हरीश चौधरी व नरेंद्र बुडानिया दोनों ही निर्विवाद है तथा समाज व पार्टी में कार्यकताओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं।



बाड़मेर जिले की बायतु सीट से लगातार दूसरी बार जीते हरीश चौधरी अभी पंजाब कांग्रेस के प्रभारी है तथा गहलोत की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इससे पूर्व वह बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। हरीश चौधरी राहुल गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। इसी तरह चुरू जिले की तारानगर सीट पर राजस्थान के लगातार सात बार जीतने वाले विधायक व नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ को हराने वाले नरेंद्र बुडानिया तीन बार लोकसभा, तीन बार राज्यसभा व तीन बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं। यदि उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है तो पार्टी कार्यकताओं में अच्छा मैसेज जाएगा। इसके अलावा भी जाट समाज में कई ऐसे युवा विधायक जीत कर आए हैं जो पूर्व में भी विधायक रह चुके हैं। पार्टी को विधायक दल के नेता पद पर अनुसूचित जाति, जनजाति के किसी विधायक का चयन करना चाहिए। राजस्थान में अनुसूचित जाति, जनजाति के 25 विधायक जीत के आए हैं। जिनमें से मीणा समाज के आठ, अनुसूचित जाति के 11 व आदिवासी समुदाय के छह विधायक जीते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति हमेशा से ही कांग्रेस का वोट बैंक रही है तथा इस बार भी उन्होंने कांग्रेस का पूरा साथ दिया हैं। ऐसे में विधायक दल के नेता पद पर मीणा समाज के मुरारी लाल मीणा, आदिवासी समाज के महेंद्रजीत मालवीय या अन्य किसी विधायक को विधायक दल का नेता बनाया जाना पार्टी के हित में रहेगा। यह दोनों ही वरिष्ठ विधायक है तथा पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। महेंद्रजीत मालवीया तो कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भी है।

मुस्लिम समुदाय भी कांग्रेस को एक मुश्त वोट देता है। मुस्लिम समुदाय के इस बार पांच विधायक जीत कर आए हैं। यदि उनमें से किसी को उपनेता बनाया जाता है तो पार्टी के लिए आने वाले समय में अच्छा रहेगा। कांग्रेस के कुल 69 विधायकों में से जाट 17, ब्राह्मण चार, मीणा 8, अनुसूचित जाति 11, जनजाति 6, बनिया पांच, गुर्जर तीन, यादव दो, मुस्लिम पांच, माली तीन, चारण एक, कुम्हार एक, पटेल एक सहित कई अन्य जातियों के विधायक शामिल है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बीजेपी से मात्र 856840 यानी 2.16 प्रतिशत मत कम मिलने के कारण कांग्रेस बीजेपी से 46 सीट पीछे रह गई। यदि कांग्रेस के नेता बागी खड़े नहीं होते और आपसी गुटबाजी नहीं होती तो इतना सा अंतर को पाट पाना कांग्रेस के लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर अशोक गहलोत व सचिन पायलट की आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनने से रह गई तथा अशोक गहलोत द्वारा हर बार राज बदलने की परंपरा को तोड़ने का सपना भी सपना बनकर ही रह गया।

# अब भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का भी अधिग्रहण कर रही हैं

**प्रह्लाद सबनानी**

हाल ही के समय में कई भारतीय कम्पनियां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वरूप ग्रहण करती नजर आ रही हैं। कुछ भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों में न केवल अपना पूंजी निवेश बढ़ा रही हैं बल्कि कुछ कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का अधिग्रहण भी कर रही हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि भारत कई ऐसे देशों, जो आपस में शायद मित्र देश की भूमिका में नहीं हैं इसके बावजूद भारत दोनों देशों, के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाता नजर आ रहा है। उदाहरण के लिए, यूनाइटेड अरब अमीरात, कतर एवं सऊदी अरब आदि देश मिडल ईस्ट में भारत के महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार हैं एवं ये देश भारत में भारी राशि का निवेश कर रहे हैं। सऊदी अरब तो भारत में 10,000 करोड़ अमेरिक डॉलर का निवेश करने जा रहा है। परंतु, हाल ही के कुछ वर्षों में मिडल ईस्ट के कुछ देशों के साथ ही, इजराईल के साथ भी भारत के मिलिटरी, राजनैतिक एवं व्यापारिक सम्बंध प्रगाढ़ हुए हैं। न केवल इजराईल की कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं बल्कि कई भारतीय कम्पनियां भी इजराईली कम्पनियों में निवेश कर रही हैं एवं कुछ कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। इस प्रकार भारत के अरब देशों के साथ साथ इजराईल के साथ भी प्रगाढ़ व्यापारिक रिश्ते कायम हो गए हैं। कई भारतीय कम्पनियां इजराईल के स्टार्ट अप में भारी मात्रा में निवेश करती दिखाई दे रही हैं। चूंकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद अब लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को छूने जा रहा है, अतः भारतीय कम्पनियां अब इस स्थिति में पहुंच गई हैं कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की तरह अन्य देशों में विभिन्न क्षेत्रों में कम्पनियों का अधिग्रहण कर सकें अथवा इन विदेशी कम्पनियों में अपना पूंजी निवेश बढ़ा सकें। इस दृष्टि से भारत की कुछ बड़ी कम्पनियां जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मुकेश अम्बानी समूह), इनफोसिस, विप्रो, टाटा समूह, अडानी समूह आदि इजराईल की कम्पनियों का अधिग्रहण करने में सफलता हासिल कर रही हैं। हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इजराईल में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण करने वाली एक कम्पनी टावर सेमीकंडक्टर नामक कम्पनी का अधिग्रहण करने का प्रयास कर रही है। सेमीकंडक्टर चिप के उपयोग हेतु भारत में बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध है, इससे इस उत्पाद के लिए अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम होगी। इजराईल की उक्त कम्पनी पूर्व में ही भारी मात्रा में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण कर रही है। पूर्व में अमेरिकी कम्पनी इंटेल ने उक्त कम्पनी को 540 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदने का प्रयास किया था परंतु इंटेल को इस कार्य में सफलता नहीं मिल सकी थी। परंतु, अब भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज इस कम्पनी को खरीदने का प्रयास कर रही है। टावर सेमीकंडक्टर वर्ष 2009 में केवल 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार करती थी परंतु यह वर्ष 2022 में इस कम्पनी का व्यापार बढ़कर 168 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। अतः यह कम्पनी अत्यधिक तेज गति से प्रगति कर रही है। भारत में दवाईयों का निर्माण करने वाली एक कम्पनी सन फार्मा ने भी इजराईल की टेरो फार्मा नामक एक कम्पनी को अपनी सहायक कम्पनी बना लिया है। इससे भारतीय सन फार्मा कम्पनी का विस्तार इजराईल में भी हुआ है। सन फार्मा को नई तकनीकी को विकसित करने में भी सहायता मिली है। इसी प्रकार, भारतीय कम्पनी अदानी पोर्ट्स एंड लाजिस्टिक्स ने इजराईल के सबसे बड़े हाईफा पोर्ट का विस्तार करने का कार्य हाथ में लिया है। इस विस्तार के कार्य पर 115 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च होगी। वर्ष 2021 में इजराईल के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा इसी पोर्ट के माध्यम से हो रहा था। टाटा समूह की टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नामक सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनी भी इजराईल में अपने व्यापार का लगातार विस्तार कर रही है। भारत की इनफोसिस कम्पनी ने इजराईल की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पनाया नामक कम्पनी का 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण कर लिया है। भारत का टाटा समूह इजराईल के एयर स्पेस में कार्य कर रही कम्पनियों एवं सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों में अपना निवेश बढ़ा रहा है ताकि इन क्षेत्रों में इजराईल की कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य किया जा सके। इजराईल के पास सुरक्षा उपकरण बनाने की नवीनतम तकनीक उपलब्ध है।

## शिक्षा की राजधानी काशी में 'महामना महोत्सव 2023 आगामी 25 दिसंबर से 8 जनवरी 2024 तक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सेवाज्ञ संस्थानम्‌ के तत्त्वावधान में शिक्षा, संस्कार और संस्कृति की राजधानी काशी में आगामी 25 दिसंबर से 8 जनवरी तक महान शिक्षाविद, बीएचयू के संस्थापक, भारत रत्न से सम्मानित मदन मोहन मालवीय की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'महामना महोत्सव 2023' का आयोजन कर रहा है इस महोत्सव के अंतर्गत इंटर कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निबंध, काव्य पाठ, दौड़, योग, भाषण आदि विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी` यह जानकारी शनिवार को महोत्सव के संयोजक डॉ.हरेंद्र राय प्रधानाचार्य, सनातन धर्म इंटर कॉलेज ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए दी उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में 50 से अधिक कॉलेजों में पढ़ने वाले कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी सहभाग कर सकेंगे` श्री राय ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से काशी की युवा पौध में अपनी संस्कृति, परम्परा, ज्ञान, मूल्यों एवं महामना के विचारों के प्रति जिज्ञासा एवं बोधगम्यता का अंकुरण कराने का प्रयत्न किया जा रहा है` उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी होने के लिए प्रति विद्यार्थी 5 रुपया शुल्क तय किया गया है सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र व महामना से संबंधित पुस्तक प्रदान किया जाएगा उन्होंने बताया कि पूरी प्रतियोगिता में लगभग 3 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं उन्होंने बताया कि महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम पुरस्कार वितरण काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा।

## डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने मशहूर बॉलीवुड गीतकार डॉ सागर को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने गोरखपुर शहर के प्रसिद्ध होटल में आयोजित दो दिवसीय लिटरेरी फेस्ट के शब्द संवाद में 20 हजार रुपए का सहयोग किया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने आयोजन समिति को चेक समर्पित किया,और कहा की शहर को नया आयाम देने में आप प्रबुद्ध जनों के प्रयासों की हम जितनी सराहना वंदन करे वह कम है, उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है तथा मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरणा से शहर के लोग एवं औद्योगिक इकाईयां गोरखपुर की तस्वीर बदल रही है। इसके साथ ही एस के मिश्रा ने आयोजन समिति के प्रति धन्यवाद समर्पित किया और आभार जताया।

## पीड़ित का बैनामा सुदा जमीन को दबंग कर रहे कब्जा

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। तहसील क्षेत्र के राधेश्याम शर्मा पुत्र स्व बैजनाथ शर्मा ग्राम- खोरिया उर्फ भीटी पोस्ट -भीटी,थाना-गीडा गोरखपुर का स्थाई निवासी है पीड़ित राधेश्याम शर्मा गाटा स 1377 चेत्रफल 0.024 जो कि गहासाड में है जिसका मैंने बैनामा कराया जिस पर अवैध कब्जा ब्रिजेश शर्मा एव चन्द्रभान का है जिसका विवेचना नायब तहसीलदार ने किया था एवम थानाध्यक्ष महोदय गीडा ने बृजेश कुमार शर्मा को बैठा कर समझाया था इस नंबर में बृजेश शर्मा का कोई जमीन नहीं है और आज के बाद कोई झगड़ा नहीं होना चाहिये।जो कि दिनांक 18/12/2023 को पीड़ित का भाई ईट ले कर अपने जमीन पर गए बृजेश कुमार शर्मा और उनके दोनों पुत्र हमें और हमारे भाई को दौड़ा लिए और गाड़ी ऊपर चडाने जा रहे थे और बोले भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे।इसकी शिकायत पीड़ित ने गीडा थाने पर किया था लेकिन पीड़ित का कहना है कि दबंगों के प्रभाव में आ कर गीडा पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है, जिससे पीड़ित न्याय के लिए थाने का चक्कर लगा रहा है।वही थाना प्रभारी गीडा ने कहा कि मामले की जांच करा कर जल्द कार्यवाही किया जायेगा।

## डीएम साहब एक नजर इधर भी.., धान क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही खरीदारी, दर-दर भटक रहे किसान

प्रखर खेतासराय(जौनपुर) । शाहगंज ब्लॉक के खुदौली क्रय केंद्र पर किसानों का धान खरीदे न जाने के कारण किसान खासे परेशान है । गांव के दो दर्जन बड़े काश्तकारों का धान खुले आसमान के नीचे बाहर पड़ा है । केंद्र प्रभारी द्वारा कुछ न बताने पर किसान असमंज में है । उक्त गांव के अलावा अन्य गांव के किसान केंद्र पर चक्कर लगाने को मजबूर है । इस गांव के कई किसानों ने बताया कि मौसम के बदलाव के चलते उनके लाखों रुपये के धान घर पर डंप पड़ा हुआ है । केंद्र पर जाने पर प्रभारी जय सिंह द्वारा संतोष जनक जवाब न मिलने से उनके माथे पर चिंता की लकीर बनी हुई है । वही राइस मिलों के बिचौलिया भी उसने औने पौने दामों पर लेने के जुगत में है । सूत्रों की मानी जाए तो केंद्र प्रभारी कागजो पर किसानों का धान उठान कर रहे है ।

## मदरसा बोर्ड के चेयरमैन ने विज्ञान प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

प्रखर जौनपुर। नगर के मोहल्ला सिपाह में स्थित जामिया ग्रुप आफ इंस्ट्यूशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि उतर प्रदेश मदरसा बोर्ड के चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने फीता काट कर किया,मदरसा के छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक मॉडल को देख हर कोई दंग रह गया,जामिया के छात्रों ने स्मार्ट सिटी,परमाणु ऊर्जा केंद्र,रॉकेट विज्ञान समेत खाना ए काबा और मस्जिद ए नबवी,झंझरी मस्जिद के मॉडल को प्रस्तुत किया,चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने सभी मॉडलों को देखने और छात्रों से बातचीत करने के बाद न सिर्फ छात्रों की बल्कि जामिया ग्रुप के पूरे स्टाफ की कोशिशों की सराहना की। वहीं इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव परवेज आलम भुट्टो ने कहा कि छात्रों और छात्राओं में आज जो विज्ञान और आर्ट से संबंधित मॉडल पेश किया है उसे देख बड़ी प्रसन्नता हो रही है,मैं जामिया के पूरे ग्रुप को इस प्लेटफार्म को तैयार करने और छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए मुबारकबाद पेश करता हूं आज का दौर विज्ञान के बिना अधूरा है।

# हिंदुस्तान में आतंक फैलाने के लिए कराए विस्फोट

प्रखर जौनपुर। अभियोजन के अनुसार मुहीबुल निवासी बांग्लादेश ने तिहाड़ जेल में एसीपी को बयान दिया था कि श्रमजीवी मैं आरोपियों द्वारा आरडीएक्स रखकर विस्फोट करने का उद्देश्य हिंदुस्तान में आतंक फैलाना था। साथ ही भारत मे लोगों को मार कर नकली नोट चलाकर जेहाद करना था। जिससे दुनिया देखे, आतंक फैले तथा भारत व यहां के लोग तबाह हों।

जौनपुर बांग्लादेश के राजशाही में डॉक्टर सईद व याहिया के नेतृत्व में भारत में ट्रेन में विस्फोट की मीटिंग की बाद आरोपी हूजी संगठन के हिलाल, रोनी, शरीफ उर्फ कंचन, तथा लश्कर-ए-तैयबा के ओबैदुर्रहमान व याहिया बांग्लादेश से बिना वीजा पासपोर्ट पद्मा नदी पार कर भारत की सीमा में पश्चिम बंगाल में घुसे। वहां पश्चिम बंगाल का नफीकुल विश्वास भी उनके साथ शामिल हो गया। सभी खुसरूपुर रेलवे स्टेशन के समीप ट्यूबवेल पर इकट्ठा हुए। खुसरूपुर के मियां टोला के हकीम मियां से विस्फोटक सामग्री व अटैची लिए। खुसरूपुर के प्लेटफार्म नंबर एक के उत्तर ट्यूबवेल के पास याहिया व ओबैदुर्रहमान ने बम बनाया। हिलाल व रोनी ने पटना के प्लेटफार्म नंबर 3 पर चेकिंग के बाद श्रमजीवी ट्रेन में जनरल बोगी में सीट के नीचे अटैची में बम रखकर सीट से बांधा जिसमें बाद में विस्फोट हुआ। ओबैदुर्रहमान व याहिया पटना से ही बम रखवाने के बाद बांग्लादेश चले गए। वहां तिहरे बम ब्लास्ट के आरोपित ओबैदुर्रहमान को पुलिस खोज रही थी। वह वापस भारत आया और रघुनाथगंज में फारेनर्स एक्ट में गिरफ्तार हुआ।

**बांग्लादेश में पड़ी थी विस्फोट कांड की नींव**– जौनपुर । श्रमजीवी विस्फोट कांड की नींव बांग्लादेश में पड़ी थी। दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार अनीसुल व मुहिबुल ने एसीपी संजीव के समक्ष बयान में कहा था कि हम लोग बांग्लादेश में मदरसा में जब पढ़ रहे थे। वहां 1985 में पीर साहब ट्रेनिंग दे रहे थे। वह कश्मीर व अफगानिस्तान में हो रहे जुल्मों के बारे में बताते थे। कहते थे जिहाद के लिए तैयार रहो ।किसी भी समय जरूरत पड़ सकती है। बाद में पता चला पीर साहब हूजी के कमांडर थे। हूजी को पाक की तंजीम जैश ए मोहम्मद मदद करती है। जुलाई 2005 में डॉक्टर सईद व याहिया ने अन्य आरोपितों के साथ बांग्लादेश के राजशाही में हिंदुस्तान में ट्रेन विस्फोट की योजना बनाई। योजना के अनुसार शरीफ को टारगेट की रेकी का काम दिया गया। हिलाल व रोनी को ट्रेन में बम रखने का काम दिया गया। याहिया व ओबैदुर्रहमान ने बम बनाया। नफीकुल आरोपितों के सहयोग में रहा।

**पटना विस्फोट की राख से पहले खुलासा**– जौनपुर । श्रमजीवी कांड में विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में विस्फोटक पदार्थ आरडीएक्स, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल आयल व अलार्म घड़ी होने की पुष्टि हुई।वहीं घटना के डेढ़ माह बाद सितंबर 2005 को खुसरूपुर, पटना, बिहार में हकीम मियां के विस्फोट करके उड़ाए गए मकान की राख में भी इसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ पाए गए थे जिससे पहली बार श्रमजीवी कांड के खुलासे को दिशा मिली। वह यही मकान था यहां से श्रमजीवी कांड के आरोपियों ने बम बनाने का सामान खरीदा था।



**तीन आरोपितों ने किया खुलासा**– कोलकाता में देशद्रोह में गिरफ्तार वाराणसी के अब्दुल्ला ने पहली बार ओबैदुर्रहमान आदि का नाम श्रमजीवी कांड में लिया। कोलकाता के ही 8 फरवरी 2006 में गिरफ्तार जमशेदपुर निवासी तारिख अख्तर व नूरमोहम्मद ने बताया कि कई बार बांग्लादेश और पाकिस्तान गए हैं और ओबैदुर्रहमान ने बम बनाकर अपने साथियों से बम रखवा कर विस्फोट कराया था।

**46 गवाह हुए थे परीक्षित**– श्रमजीवी विस्फोट कांड में हिलाल, नफीकुल व सजायाफ्ता ओबैदुर्रहमान के मामले में कुल 46 गवाह परीक्षित हुए थे।

**गेट नंबर 31 बी पर हुआ था विस्फोट**– श्रमजीवी ट्रेन मुगलसराय से 14:35 पर लखनऊ के लिए चली। सिटी स्टेशन पर 16:44 बजे 2 मिनट रुकने के बाद ट्रेन आगे बढ़ी। हरपालगंज से 17: 15 बजे ट्रेन रवाना हुई। गेट नंबर 31बी से एक दो खंबा पहले अचानक 17:20 बजे हरपालगंज में कोइरीपुर स्टेशन के बीच धमाका हुआ। ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोका। ट्रेन के गार्ड जफर अली ने घटना की एफआईआर दर्ज कराया था।

**दिल्ली के वकील ने आरोपितों के मामले में की थी बहस, बांग्लादेशी की फीस आई कहां से?**– प्रखर जौनपुर । श्रमजीवी विस्फोट कांड में दोषी करार किए गए बांग्लादेशी आतंकी हिलाल व बंगाल के नफीकुल के पास शुरूआत में कोई वकील नहीं था उनके पास कोई जमानतदार भी नहीं था। इसलिए सरकार की तरफ से पैरवी के लिए एमिकस क्यूरी ताजुल हसन नियुक्त किए गए। सरकारी वकील वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि आरोपितों के मुकदमे में बहस करने के लिए पूर्व में आजमगढ़ के वकील भी आते थे।वर्तमान में बहस के समय दिल्ली के अधिवक्ता आरिफ आए थे। प्रश्न यह उठता है कि जिन आरोपितों के पास जमानतदार भी नहीं थे। महंगे वकील को फीस देने के लिए आरोपितों के पास रुपये कहां से आए। बांग्लादेशी आतंकी के मुकदमे की पैरवी व बहस के लिए महंगे वकील की फीस किसने अदा की।इसी प्रकार पूर्व में मृत्युदंड से दंडित बांग्लादेशी आतंकी ओबैदुर्रहमान व रोनी के मुकदमे की भी पैरवी हाईकोर्ट में मंहगे वकील कर रहे हैं।

**हिलाल व नफीकुल का कैसे हुआ खुलासा**– प्रखर जौनपुर। श्रमजीवी विस्फोट कांड में आरोपी हिलाल निवासी बांग्लादेश व नफीकुल निवासी पश्चिम बंगाल का नाम इस विस्फोट कांड में बंगाल में जेल में बंद आरोपित ओबैदुर्रहमान ने 15 फरवरी 2006 को तथा बांग्लादेशी जुड़वा भाई अनीसुल व मुहीबुल ने 4 अप्रैल 2006 को विवेचक को बताया। आरोपी हिलाल व नफीकुल को 17 नवंबर 2005 को थाना कालिया चौक, मालदा टाउन द्वारा हत्या, हत्या के प्रयास आदि के दूसरे मामले में गिरफ्तार किए गए। 23 मार्च 2006 को जरिए वारंट बी सीजेएम कोर्ट में लाकर पेश किए गए। आरोप है कि जब विवेचक दोनों को कोर्ट के आदेश पर पुलिस कस्टडी रिमांड पर बिहार ले गए। तब उन्होंने खुसरूपुर रेलवे स्टेशन मियां टोली का तीन मंजिला मकान जहां विस्फोटक पदार्थ लिए गए होटल पैलेस दिखाया। जहां रजिस्टर में नफीकुल के ठहरने का जिक्र है। कांस्टेबल सुरेश व श्याम जी ने हिलाल की शिनाख्त किया।

# खेतासराय दोहरा हत्याकांडः फांसी की सजा और अन्य मांग के लिए धरना पर बैठा परिवार

प्रखर जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र के कस्बा में दो प्रजापति जाति के सगे भाइयों की निर्मम हत्या के मामले में प्रजापति समाज के साथ पीड़ित परिवार ने अपराधियों को फांसी दिलाने और एक करोड़ आर्थिक सहायता की मांग की है। हत्या जैसी घटना को कारित करने वाले सभी अपराधी पकड़े गए और जेल भी भेजे गए। दो सगे भाईयों की हत्या के बाद तमाम राजनीतिक दलों के नेता मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार का आंसू पोछने का प्रयास किया। वर्तमान सरकार में मंत्री गिरीश चंद्र यादव व धर्मवीर प्रजापति भी पीड़ित परिवार के यहां गए और पूरी मदद का आश्वासन पीड़ितों को दिया। लेकिन अभी तक कोई परिणाम सामने नहीं दिखाई दिया। सीएम योगी ने एक भाषण के दौरान प्रदेश में छीपे सभी माफियों को मिट्टी में मिला देंगे जैसी बात कही थी लेकिन इन दो भाईयों के हत्यारे अब तक मिट्टी में नहीं




मिल पाएं हैं। पीड़ित परिवार का घर उजड़ गया है। रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है। दोनों बेटे ही परिवार का सहारा थें। इस मामले को लेकर 2 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रजापति महासभा ने तीन सूत्रीय मांग पत्र सौपा था। जिसमे पीड़ित परिवार के लिए प्रमुख तीन मांगे रही। मांगे यह है कि पीड़ित परिवार के लिए कृषिक भूमि आवंटित की जाए। पीड़ित परिवार के माता-पिता में से किसी को सरकारी नौकरी दी जाए, जीवन यापन के लिए एक करोड रुपए बतौर सहायता दिया जाय। प्रदर्शनकारियों ने पत्र के माध्यम से बताया कि 25 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक राज्य सरकार या जिला प्रशासन द्वारा कोई कदम पीडित परिवार के सहायतार्थ माग पत्र के अनुसार नही उठाया गया है। मात्र दो दो लाख रुपए का चेक पीडित परिवार को जिला प्रशासन ने दिया है जो पीडित परिवार के लिये बहुत कम है। उक्त मांगो को लेकर 23 दिसंबर को सिविल लाइन्स में स्थित अम्बेडकर पार्क में प्रजापति समाज ने विभिन्न संगठनों व पार्टियों के साथ धरना प्रदर्शन किया और सरकार से शीघ्र ही मागे पूरी करने की मांग किया। इस धरना-प्रदर्शन में प्रजापति महासभा के अलावा दक्ष सेना, दक्ष फांउडेशन मुम्बई, भारतीय समता समाज पार्टी, सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट, राष्ट्रीय समता पार्टी, दक्ष फांउडेशन सुल्तानपुर, अखिल भारतीय कुम्भकार समाज, प्रजापति विकास मंडल मुम्बई, चक्रदूत प्रजापति समाज आदि के साथ साथ तमाम लोगों ने सरकार से मागे पूरी करने की बात कही है।

## सपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को कटसहरा बाजार में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती मनाई गई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक सहजनवां यशपाल सिंह रावत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। उनका सहजनवा विधानसभा से बहुत ही लगाव था चौधरी चरण सिंह के समय सहजनवा



विधानसभा को बागपत के नाम से जाना जाता था।उनके समय में सहजनवा ने दो बार अपना विधायक चुन विधानसभा में भेजा था लेकिन मौजूदा सरकार में किसान ही परेशान घूम रहा है। चौधरी चरण सिंह ने जो किसानों के लिए किया वह कोई और नही कर सकता है। किसानों के हर दुख को चौधरी चरण सिंह समझते थे और किसानों के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। इसीलिए उनका जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई जाती है। वहीं सपा नेता व जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार के समय में किसान परेशान घूम रहा है। उसे न्याय नही मिल रहा है। किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। हालात यह हैं कि किसान आज आंदोलन करने को मजबूर हैं। इस कार्यक्रम मे प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य विरेंद्र यादव, महिलासभा की जिला अध्यक्ष अनारकली मौर्य, महिला प्रदेश सचिव ज्योति यादव, धनंजय सिंह, पूर्व प्रधान गुलाब नबी, पुजा निषाद, अर्जुन यादव, गंगेश चौहान शुशील राय, पशुराम, दशरथ,मो० अली, प्रदिप यादव, मेराज खान नर्वदा यादव, महेन्द्र यादव, मकसूद खान, परमात्मा समेत कई सपाई मौजूद रहे।

## दुर्घटना रोकने के लिए गांव के बच्चों ने की एक पहल

प्रखर महाराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा फुलमनहा के टोला भगतपुर मे बृजमनगंज आनंद नगर मार्ग पर नहर के समीप लगातार हो चुकी दुर्घटना के रोकथाम के लिए उस गांव के बच्चों द्वारा एक सुंदर पहल करते हुए सड़क के ब्रेकर पर पेंट लगाया गया। भाजपा नेता बबलू चौरसिया ने बताया कि यह स्पीड ब्रेकर आयेदिन दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। कई लोग यहां पर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं इसमें ज्यादातर दो पहिया वाहनों को स्पीड ब्रेकर दिखाई न देने के कारण दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है इस प्रकार की घटना को रोकथाम के लिए आज ग्रामीण बच्चों अशोक चौरसिया रामसमुझ विनोद आकाश द्वारा स्पीड ब्रेकर पर पेंटिंग किया गया जिससे कि तेज रफ्तार चलने वाले बाइक सवार को दूर से ही स्पीड ब्रेकर दिखाई दे और वह



अपनी गति को धीमी कर सके। पूर्व प्रधान अमित पासवान ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक से निवेदन किया है कि तत्काल ब्रेकर को हटाकर गड्ढा भरकर पूरे रास्ते को प्लेन कर दिया जाए।

## थाना समाधान दिवस पर आये कुल 3 मामले

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर आज जनपद गोरखपुर के सहजनवां थाने अध्यक्षता तहसीलदार दिनेश कन्नौजिया ने किया। इस मौके पर कुल 3 प्रार्थना-पत्र आये,जिसमें पुलिस 1, राजस्व 1,व 1अन्य मामला था। एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं हो सका तथा इस दौरान पहले के 5 मामलों का निस्तारण किया गया।प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान थाना प्रभारी इत्यानंद पांडे, राजस्व कर्मी समेत दर्जनों कि संख्या में फरियादी मौजूद थे।

## भारत के पांचवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन सपाईयों द्वारा धूमधाम से मनाया

प्रखर संत कबीर नगर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा श्रद्धेय स्वं चौधरी चरण सिंह का 121वां जन्मदिवस समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए धूमधाम से जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम संचालन निवर्तमान जिला महासचिव नित्यानंद यादव ने किया। जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत के किसान राजनेता एवं पाँचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक संभाला। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मयार्दा में जिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष



बलराम यादव, जयराम पांडे, लोरिक यादव, नित्यानंद यादव, रामदरश यादव, एकलाख अहमद, संतोष यादव, राहुल यादव बादल, आलोक यादव सोनू, रमेश निषाद, कोमल यादव, हनुमान कनौजिया, फारुक खान, विनोद यादव, मोहम्मद मोबीन, विजय यादव, शकुंतला यादव, प्रिया पाठक, विजय यादव वकील,बबलू यादव भंडारी, रविंद्र कुमार, अमरनाथ यादव, डॉक्टर मालती, महक सिंह बघेल, विजय यादव, राम भरोसे वारसी, रामकृपाल यादव, ओमकार यादव, तारकेश्वर यादव, हलीम, सद्दाम, प्रमोद यादव पूर्वांचल, जगत नारायण यादव, शैलेंद्र यादव, मुहम्मद अहमद, सैयद फिरोज अशरफ, शिव शरण यादव, अवधेश यादव, राजाराम मौर्या, विकास यादव, सत्यम यादव, मनोहर सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर छात्र ने ग्रीन लैंड माइन अलार्म नामक उपकरण बनाया

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गीडा गोरखपुर के कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष के छात्र अविनाश वरुण ने किसानों की फसल को जानवरों से बचाने के लिये ग्रीन लैंड माइन अलार्म नाम से एक उपकरण बनाया है` इस उपकरण की मदद से किसान छुट्टा पशुओं से अपने खेतों मे लगे फसल की सुरक्षा कर सकेंगे इस उपकरण को बनाने वाले छात्र अविनाश ने बताया ग्रीन लैंडमाइन को खेतो के किनारे लगाया जा सकता है ग्रीन लैंड माइन स्टिल से बने बॉक्स मे डिजाइन किया गया है इसमे एक 3.7वोल्ट की बैटरी का प्रयोग किया गया हैं, जो एक बार चार्ज करने पर 6 से 8 महीने तक काम करता है ' इसे खेतो के किनारे लगाया जा सकता है ' इस उपकरण मे एक स्विच सेंसर लगा है जिस पर दबाव पड़ने पर ये एक्टिवेट हो जाता, इसमें किसान का एक मोबाइल नम्बर सेट कर




सकतें है जैसे पशु किसान के खेत मे प्रवेश करेगा खेत मे लगा ग्रीन सेंसर एक्टिव हो जायेगा जिससे लाइट ब्लीकिंग के साथ तेज अलार्म बजने लगेगा और सेट किये गये किसान के नंबर पर कॉल भी आ जायेगा जिससे समय रहते जानवरों से किसान अपने फसल की सुरक्षा कर सकेंगे ' ग्रीन लैंडमाइन का वजन, तकरीबन 200 ग्राम है इसको बनाने मे ट्रांसमीटर,अलार्म, लाइट,स्विच, आदि का इस्तेमाल किया गया है।इसे बनाने मे 3 से 4 सौ रुपए का खर्च आया है और बनाने मे लगभग एक सप्ताह का समय लगा है संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने बताया कि कॉलेज के इन्नोवेशन सेल के माध्यम से हमारे छात्र इस बार राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर पशुओं से किसानों के फसल की सुरक्षा के लिये इस उपकरण को बनाया हैं जो अत्यंत ही सराहनीय है` इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्र के इस सफलता पर बधाई दिया।

## टीम नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन ने मृत हिरण को वन विभाग के हवाले किया

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन को 23 दिसंबर दिन शुक्रवार की सुबह चरगावा आईटीआई के एक छात्र द्वारा टीम के सह संस्थापक राजेश उर्फ धीरू पांडे को कॉल आया कि मोतीराम अड्डा के निकट विनोद वन के पास एक मृत हिरण पड़ा हुआ है । टीम नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन के मेंबर द्वारा सुबह उस जगह जाकर मृत पड़े हिरण कि सूचना दी और उस मृत हिरण को वन विभाग के हवाले किया गया । बिगत हो कि नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन लगातार जानवरो और इंसानों के प्रति विद्यालयों में जाकर छात्रों को लगातार जागरूक कर रही है । टीम नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा चल रहे इस मुहिम में गोरखपुर की जनता से विनम्र निवेदन और विनती करती है कि शहर के लोग गोरखपुर को भिखारी मुक्त बनाने में सहयोग करे और शहर के लोग एक दूसरे की मदद करे और जानवरो के प्रति स्नेह और प्यार की भावना रख के उनकी मदद करे।

## किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की मनायी गयी 122वीं जयंती

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती किसान दिवस के रूप में 23 दिसम्बर 2023 शनिवार को हृदयपुर सारनाथ में मनाया गया इस अवसर पर सभी किसानों ने एक होकर कहा की वैदिक सिटी योजना के तहत हम अपनी जमीन नहीं देंगे` सभा को संबोधित करते हुए किसान न्याय मोर्चा प्रदेश महासचिव अशोक प्रजापति ने कहा कि आज का दिन किसानों का दिन है आज किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती है इस अवसर पर वैदिक सिटी से प्रभावित सभी किसान भाइयों से मेरा कहना है कि हम अपनी जमीन किसी की कीमत पर इस तानाशाही किसान विरोधी जमीन हड़पने वाली सरकार को हम जमीन नहीं देंगे क्योंकि यह जमीन बहुत फसली जमीन है` उत्तर प्रदेश सरकार आवास विकास परिषद वाराणसी में कई परियोजनाओं के माध्यम से योजना वर्ल्ड एक्सपो सिटी योजना ,काशी द्वार योजना लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई विस्तार अड्डा योजना तहत सरकार किसानों की जमीन जबरदस्ती लेना चाहती है और पूंजीपतियों को देने का काम करेंगे इसलिए हम लोग हर प्रकार से सरकार से लड़ने का काम करेगे ` धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल , पैदल मार्च निकलेंगे कमिश्नर, जिलाधिकारी वाराणसी , आवास विकास परिषद उत्तर प्रदेश का घिराव करेंगे अपने जनप्रतिनिधियों और सांसदों मंत्रियों का घेराव करेंगे सभी को पत्र देने का भी कार्य किया जाएगा` आवश्यकता पड़ी तो हम लोग न्यायालय का भी रुक अपनाएंगे पर किसी भी कीमत पर हम उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को हम जमीन नहीं देंगे` उक्त सभा में लच्छू पटेल नंदू पाल ,अनिल पटेल, राम हिंद सिंह ,श्यामसुंदर पाल ,प्रमोद पटेल ,श्यामा देवी ,जड़ौती देवी, संगीता पटेल ,पूनम पटेल, रामदुलारी पटेल कार्यक्रम का संचालन रविंद्र पटेल ने किया।

## आनलाइन ठगी का शिकार हुआ पीआरडी का जवान

प्रखर गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के हरपुर-बुदहट थाने की सोनबरसा बाजार चौकी क्षेत्र के तामा गांव के निवासी रामानंद ने अन्नपूर्णा माइक्रो फाइनेंस से लोन पास कराया था। उन्हें 60 हजार रुपए की जरूरत थी किन्तु उनका 35 हजार 800 रूपए का लोन मंजूर हुआ और रकम उनके एसबीआई बैंक बचत खाता संख्या 38213730819 आईएफएससी कोड एसबीआईएन 0013154 भेज दी गई। इनकी पत्नी लीलावती



के साथ रजवल बाजार में स्थित एसबीआई बैंक की टाइनी ब्रांच सीएससी केंद्र पर पहुंच कर रामानंद ने बैंक खाते से कुल 35 हजार 500 रूपए नकद निकाल लिए। अपने घर जाने के लिए अभी वह रास्ते में ही थे कि अचानक उनकी बहु के पास रहने वाले मोबाइल फोन नंबर 8894429042 पर अज्ञात मोबाइल नंबर 6394272319 से फोन आया और फोन करने वाले ने उनसे कहा कि गलती से पैसा उनके खाते में जमा हो गया है। जबकि कुछ कागजी कार्रवाई में गलती हो गई है उन्हें लोन के रूप में और अधिक पैसा दिया जाएगा।भेजे गए पैसे 35 हजार 800 रूपए को वह वापस जमा करा दें। जिसके बाद पत्नी के साथ उसी केंद्र पर पहुंच कर रामानंद ने फोन करने वाले व्यक्ति द्वारा भेजे गए एक क्यूआर कोड पर पैसे जमा करा दिए। किंतु बाद में लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी अन्नपूर्णा से बात करने पर उन्हें पता चला कि उस नाम और नंबर का कोई कर्मचारी ही नहीं है। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने गोरखपुर साइबर सेल थाने में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की घटना की आंनलाइन शिकायत की है। तथा गोरखपुर पहुंच कर घटना की लिखित शिकायत करने की जानकारी दी है।

## स्कूटी से परीक्षा देकर जा रही दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर एक हुई मौत दूसरे की हालत गंभीर

प्रखर संतकबीरनगर। संतकबीरनगर से परीक्षा देकर घर वापस लौट रही दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर मौके पर एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायल छात्र को कराया अस्पताल में भर्ती मामले की सूचना परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजन मचा कोहराम । आपको बता दे की पूरा मामला संतकबीर नगर जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत रैना पेपर मिला के पास का हैं। जहा कुमारी खुशी सिंह पुत्री राजेश्वर सिंह निवासी ग्राम राम जानकी नगर थाना शाहपुर तथा रिचा श्रीवास्तव पुत्री विजय कुमार श्रीवास्तव कृष्णा नगर बशारतपुर थाना शाहपुर स्कूटी से स्कूटी नंबर up 53 डीएफ 4282 एक्टिवा से परीक्षा देकर गोरखपुर जा रही थी रैना पेपर मिल के सामने किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे रिचा श्रीवास्तव की मौके पर मृत्यु हो गई तथा खुशी घायल हो गई।

## प्राथमिक विद्यालय में लगा बाल मेला

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के मंगारी स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम पर शनिवार को नो बैग डे के दिन बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शनिवार को सुबह से छात्र छात्राओं में उत्साह दिखा और कोई मेले में चाट, छोला तो कोई पकौड़ी का स्टाल लगाया था। बच्चे व अभिभावक स्टॉल पर खरीददारी करते दिखे। इस दौरान छात्र छात्राओं ने अभिभावकों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुत की। बाल मेला के दौरान सामान्य ज्ञान की प्रश्नोत्तरी भी हुई। अंत मे अच्छे स्टॉल लगाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय, राजेश मौर्य, कृपाशंकर पटेल, शिव आत्मा दूबे व रीता रानी समेत अनेक अभिभावक रहे।



# संक्षिप्त खबरें

## दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली घोड़दौड़ में शारदा सहायक नहर पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त, जिम्मेदार मौन!



प्रखर रतनुपुर जौनपुर। कई गांवों को जोड़ने वाली नहर पर बनी पुलिया पिछले दो हफ्ते से जर्जर पड़ी है, लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है। बता दें कि चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत मोढ़ैला - थानागद्दी मार्ग पर घोड़दौड़ ग्राम सभा को जोड़ने वाली नहर पर बनी पुलिया पिछले दो हप्तो से क्षतिग्रस्त है। नहर पर बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की वजह से आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है। इस पुलिया से करीब दर्जन भर गांव का संपर्क पूरी तरह टूट सकता है। बतादे कि इस पर से रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों और लोगों का आना-जाना बना हुआ है। जर्जर पुलिया पर खतरों से भरे सफर को लेकर प्रशासन भी बेखबर है। अब सवाल उठने लगे हैं कि जर्जर पुलिया पर आखिर आवागमन कितना सुरक्षित है। इसे लेकर जिम्मेदार बेखबर हैं। इस पुलिया से राहगीरों के सामने पुल से गुजरना मजबूरी हो गई है। लेकिन प्रशासन इस बात से बेखबर होकर शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा : मनोज सिंह

प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) की बड़ागांव ब्लाक ईकाई की कार्य समिति का आज विस्तार कर दिया गया। अपरान्ह 3बजे के बाद प्राथमिक विद्यालय खररिया पर एक सादे समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मनोनीत सदस्यों को पत्र सौंप कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, विनोद सिंह, अखिलेश प्रताप, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार सिंह लोकनाथ राम, जयप्रकाश सिंह,संजय पांडेय, नम्रता सिंह, रेनूलता, संतोष कुमार सुमन,सोनू तिवारी, कमलेश कुमार, लालबहादुर यादव, आनन्द लाल, प्रियब्रत सिंह, मुन्ना लाल, कृष्णकांत, रवि कुशवाहा,संजय कुमार चौबे चन्द्र प्रकाश सिंह,अनूप कुमार गुप्ता, सहित दर्जनों कार्यसमिति के सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कार्य समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्य समिति के सदस्यों व शिक्षको से निर्भिक होकर अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुए शिक्षा में गुणवत्ता एवं निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में हर संभव सहयोग देने का आह्वान किया।

## मां अन्नपूर्णा के दरबार मे तमिल संगमम के बच्चों ने दी धार्मिक नृत्य की प्रस्तुति



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अन्नपूर्णा दरबार मे माता के समक्ष दक्षिण भारत से आये सैकड़ो बच्चों ने भारतीय संस्कृति के तहत नृत्य किया` शनिवार को मध्याह्न भोग आरती के बाद 120 बच्चो ने अपनी अलग अलग नृत्य की प्रस्तुति की मौजूद भक्तों का छोटे छोटे बच्चों ने अपनों कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया किसी ने भारत नाटयम किया तो किसी ने शिव शम्भु को दशार्या। महंत शंकरपुरी ने आये सभी सदस्यो को प्रसाद अंग वस्त्र भेट किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के अलावा कला संस्कृति के लिए प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य हो तो आगे चल कर ये बच्चे अपने परिवार समाज और राष्ट्र को गौरावंतित मसूस कराएंगे।

## बृजमनगंज थाने में हुआ थाना समाधान दिवस



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना बृजमनगंज, कोठीभार सिंदुरिया, पुरंदरपुर, परसामलिक ठूठीबारी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की फरियाद सुन मामलों का निस्तारण किया गया। बृजमनगंज थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि चार राजस्व के मामले आये जिसमें एक मामले का निस्तारण हुआ। राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा सामंजस्य स्थापित कर त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान लेखपाल अशोक मिश्रा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## गीता जयंती के अवसर पर मंत्र पट्टिका, अनावरण समारोह का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। हरपुर-बुदहट स्थित बामेश्वरनाथ मंदिर जो जनपद के 10 प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक हैं। पर 24 दिसम्बर दिन शनिवार को गीता जयंती पर मंत्र पट्टिका अनावरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला रहे। वह कृष्ण अर्जुन रथ यात्रा में सम्मलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। इस दौरान बुदहट ग्राम प्रधान मदन मुरारी गुप्ता, संजय शुक्ला,सहित क्षेत्र के तमाम लोग व शिव परिवार के लोग सम्मलित थे।

## नगरीय क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय का संचालन स्वयं सहायता समूह के द्वारा कराया जाएगा

प्रखर संतकबीरनगर। परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण प्रेमेंद्र सिंह ने बताया है कि निदेशक, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर निकायों में शौचालयों का परीक्षण/ग्रेडिंग का कार्य डे-एनयूएलएम के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं/उनके संघों द्वारा कराया जाने का निर्णय लिया गया हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के अन्तर्गत शौचालयों का परीक्षण कर उनको ग्रेडिंग कराये जाने हेतु समूहों को आवंटित किया जा चुका है।

## अयोध्या में 30 दिसंबर को होगी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की ग्रैंड रिहर्सल

**लखनऊ।** अयोध्या में भव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का रिहर्सल 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में किया जायेगा। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।

### अयोध्या के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी परीक्षण उड़ान, 30 को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम हवाई अड्डे पर शुक्रवार को परीक्षण उड़ान का सफल ट्रायल किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट के साथ अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इसी को देखते हुए शुक्रवार को एयरपोर्ट पर फ्लाइट उतारकर ट्रायल किया गया। इस एयरपोर्ट पर ज्यादा से ज्यादा आने की संभावना है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, जिसको देखते हुए देश और विदेश के श्रद्धालुओं का अयोध्या आगमन होगा। इस सिलसिले में गुरुवार को उप्र के सीए योगी आदित्यनाथ ने करीब साढ़े चार घंटा अयोध्या में रह करके भव्य मंदिर का निर्माण, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट को बारीकी से देखा था।

## अरविंद केजरीवाल को ईडी ने तीसरा नोटिस भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने 22 दिसंबर को तीसरी बार समन किया। एजेंसी ने उन्हें 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले एजेंसी ने उन्हें ईडी ने उन्हें 21 दिसंबर को समन किया था, लेकिन 20 दिसंबर को विपश्यना मेडिटेशन कोर्स के लिए गए थे। हालांकि, उन्होंने एक लेटर के जरिए एजेंसी के समन का जवाब दिया था। केजरीवाल ने ईडी से कहा- इस बार का समन पिछली बार की तरह गैरकानूनी है। यह राजनीति से प्रेरित है। मैंने ईमानदारी और पारदर्शिता से अपना जीवन जिया है। मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है।

### संजय सिंह के खिलाफ केस को कोर्ट ने सही ठहराया, कहा- मनी लॉन्ड्रिंग के पर्याप्त सबूत



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज हो गई है। दिल्ली की अदालत ने आप नेता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि संजय सिंह के खिलाफ मामला वास्तविक है। साथ ही कहा कि जो सबूत पेश किए गए हैं, वह कथित मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी संलिप्तता दिखाते हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत साक्ष्यों से पता चलता है कि संजय सिंह कथित मनी लॉन्ड्रिंग मे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से जुड़ी गतिविधियों में शामिल थे।

## तीन राज्यों में मिली हार पर प्रदेश इकाइयों से राहुल गांधी का सवाल

### 'क्षेत्रीय दलों से क्यों नहीं किए समझौते...'




**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को बैठक हुई। इसमें हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार पर चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने के लिए क्षेत्रीय दलों से हाथ मिलाने पर जोर दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कार्य समिति के विभिन्न सदस्यों ने शिरकत की थी। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने 2024 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता पर जोर दिया। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने सवाल किया कि राज्य इकाइयां बीजेपी को हराने के लिए छोटी पार्टियों के साथ समझौता करने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि तीन राज्यों में मिली हार का मुख्य कारण छोटी पार्टियों को मिलने वाले वोटों का भाजपा की ओर जाना है। ऐसे में राहुल गांधी ने क्षेत्रीय दलों से हाथ मिलाने पर जोर दिया। मध्य प्रदेश के स्पष्ट संदर्भ में, जहां कमलनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के साथ गठबंधन की बात को खारिज करते 'अखिलेश-वखिलेश' कहा था, उसपर राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस को छोटे दलों के साथ सीट-बंटवारे पर सहमत होना चाहिए था।

### खड़गे ने विपक्षी एकता पर जोर दिया

## पुतिन की सहमति से हुई प्रिगोजिन की हत्या

### रिपोर्ट में दावा-प्लेन में बम रखकर उड़ाया



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ विद्रोह करने वाले प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन को पुतिन की सहमति पर उनके ही करीबी ने मरवाया था। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजेड) ने अपनी रिपोर्ट में ये खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन के करीबी और रूस के सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी निकोलई पैत्रुशेव (भारत में एनएसए यानी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर की तरह) इस हत्या के मास्टरमाइंड थे। डब्ल्यूएसजेड ने बताया है कि पैत्रुशेव कई बार पुतिन के सामने प्रिगोजिन के बढ़ते दबदबे को लेकर चिंता जता चुके थे।

डब्ल्यूएसजेड के मुताबिक, इस प्लान मर्डर में प्लेन में मौजूद सभी 10 लोगों की मौत हो गई। रूस में शवों का डीएनए टेस्ट किया गया और इसमें वैगनर चीफ की मौत की पुष्टि हो गई। प्रिगोजिन की मौत के ठीक एक दिन बाद ही पुतिन का बयान भी सामने आया था। उन्होंने वैगनर चीफ की मौत पर दुख जताया था। पुतिन ने कहा था- प्रिगोजिन टैलेंटेड कारोबारी थे। मुझे प्लेन क्रैश में उनकी मौत का अफसोस है। उन्होंने कुछ बड़ी गलतियां की थीं, लेकिन कई अच्छे काम भी किए थे। मैं उन्हें काफी लंबे वक्त से जानता था। पहली बार 1990 के आसपास उनसे मुलाकात हुई थी। पुतिन ने आगे कहा था- उनको लेकर कुछ दिक्कतें जरूर थीं।

**प्लेन क्रैश में हुई थी 10 लोगों की मौत**

## ब्रिटिश शासन के सभी अवशेषों को हटा देगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को लोगों से कोलोनियल विरासत के सभी अवशेषों को मिटाने और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया है।


सीएम हिमंत ने दावा किया कि आजादी के 100 साल पूरे होने तक गुलामी की सारी निशानियां मिटा दी जाएंगी। हिमंत, असम के स्वतंत्रता सेनानी कनकलता बरुआ की जन्मशताब्दी के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कनकलता बरुआ की उस घटना का जिक्र करते हुए कहा जिसमें 1942, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गोहपुर पुलिस स्टेशन परिसर में तिरंगा फहराने के लिए एक समूह का नेतृत्व करते समय कनकलता की पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सरमा ने आगे कहा, जैसे-जैसे भारत आजादी के 100 साल की ओर बढ़ रहा है, हम सभी को अपनी कोलोनियल विरासत के सभी अवशेषों को खत्म करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने असम के लोगों से कृषि से लेकर आईटी तक सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक आंदोलन बनाने का संकल्प लेने की अपील की। सरमा ने कहा कि आंदोलन सड़कों पर उतरना नहीं बल्कि सभी क्षेत्रों में उत्पादन और क्षमताओं को बढ़ाने का होना चाहिए।

**सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का दावा- आजादी के 100 साल पूरे होने तक मिट जाएंगी गुलामी की निशानियां**

## देशभर में 24 घंटे में कोरोना के 640 नए केस, एक की मौत

### केरल में सबसे ज्यादा 265 मामले, जयपुर में एक महीने का बच्चा भी संक्रमित

● नई दिल्ली



कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट भारत में तेजी से फैल रहा है। 21 दिसंबर तक इसके 22 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 640 मामले दर्ज किए गए हैं। एक शख्स की मौत हुई है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में एक्टिव मामलों की संख्या 2 हजार 997 हो गई है। एक दिन पहले यह आंकड़ा 2 हजार 669 था।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अकेले केरल में 2 हजार 606 एक्टिव मामले हैं। यह देश में सबसे ज्यादा है। यहां 21 दिसंबर को कोरोना के 265 नए मामले सामने आए हैं। एक मरीज की मौत भी हुई है। जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना पॉजिटिव मिला है। उसका इलाज चल रहा है। कर्नाटक में कोविड के 105, महाराष्ट्र में 53 और गुजरात में 32 मामले हैं। यूपी के नोएडा में कई महीनों के बाद एक पॉजिटिव मरीज मिला है। डॉक्टर ने बताया कि 54 साल का मरीज हाल ही में नेपाल गया था। वह हरियाणा के गुरुग्राम में काम करता है। गुजरात में 8 साल का बच्चा पॉजिटिव गुजरात में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 9 नए मामले सामने आए हैं। इस तरह राज्य में कुल एक्टिव केस की संख्या 32 हो गई है। अहमदाबाद में गुरुवार को एक ही दिन में कोरोना के 6 मरीज सामने आए, जिनमें चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। गांधीनगर जिले में गुरुवार को 8 साल के बच्चे की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। यह बच्चा हाल ही में दक्षिण भारत की यात्रा से लौटा है।

### 41 देशों में फैला जेएन.1 वैरिएंट

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोरोना का नया जेएन.1 वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में जेएन.1 के मामले सबसे ज्यादा हैं। भारत में 21 दिसंबर तक नए वैरिएंट के 22 मामले मिले हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सभी केसेस हल्के लक्षण के हैं। डब्ल्यूएचओ ने जेएन.1 को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' में शामिल किया है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि अभी तक का विश्लेषण कहता है कि मौजूदा वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर है। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने सावधानी के तौर पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़ वाले, बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही आवश्यक दूरी बनाने को भी कहा गया है।

### केंद्र का निर्देश- सभी जिले टेस्ट करें

केंद्र सरकार ने नए वैरिएंट को लेकर 18 दिसंबर को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। इसमें सभी राज्यों को ज्यादा से ज्यादा कोविड टेस्ट करने को कहा गया है। केंद्र ने पॉजिटिव सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लैब भेजने का निर्देश दिया है। केरल में कोविड-19 का मामला बढ़ने के कारण वहां भी एडवाइजरी जारी की गई है। यहां 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों, किडनी, हृदय, लिवर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली मांओं को बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने की सलाह दी गई है। केंद्र के निर्देशों के अनुसार, अभी ज्यादा घबराने या तुरंत प्रतिबंध लगाकर सीमा पर (केरल, तमिलनाडु राज्यों) निगरानी बढ़ाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, केरल और तमिलनाडु से लगे सभी सीमावर्ती जिलों को सतर्कता बरतनी चाहिए। क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान लोगों को खास तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## कर्नाटक के स्कूल-कॉलेज में हिजाब से बैन हटेगा

### सिद्धारमैया बोले- कपड़े चुनना विशेषाधिकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को राज्य के स्कूल-कॉलेज में हिजाब पहनने पर लगा प्रतिबंध हटाने का ऐलान किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएम ने निजी आजादी और पसंद के अधिकार का हवाला देते हुए यह फैसला किया।

### वोट की राजनीति नहीं करनी चाहिए

सिद्धारमैया ने कहा कि महिलाएं हिजाब पहन सकती हैं और कॉलेजों में जा सकती हैं। मैंने अधिकारियों को प्रतिबंध आदेश वापस लेने का निर्देश दिया है। पोशाक और भोजन का विकल्प व्यक्तिगत है। मैं इसमें बाधा क्यों डालूं? जो चाहो वो पहनो। जो चाहो वो खाओ। मैं धोती पहनता हूं, तुम पैंट शर्ट पहनते हो। इसमें गलत क्या है? वोट के लिए राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के प्राइवेट जेट में सफर का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की क्राउडफंडिंग अभियान के बीच भाजपा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्य मंत्री जमीर अहमद खान पर कटाक्ष किया है। दरअसल, उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि जब पार्टी चंदा मांग रही है, तो ऐसे समय में दोनों नेता प्राइवेट जेट में घूम रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कर्नाटक कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि जब वे केंद्र से सूखा निधि जारी करने के लिए दिल्ली जा रहे थे, तो दोनों ने एक निजी जेट में आरामदायक सफर तय किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राज्य के मुख्यमंत्री के साथ कर्नाटक के मंत्री जमीर अहमद का एक वीडियो पोस्ट करते हुए, मालवीय ने लिखा कि एक तरफ, कांग्रेस क्राउडफंडिंग का नाटक कर रही है और इंडी गठबंधन की बैठक में समोसे तक नहीं परोसे गए।



बीजेपी का तंज, क्राउडफंडिंग कांग्रेस का महज नाटक

ऐसे समय में कर्नाटक सरकार में आवास, वक्फ और अल्पसंख्यक मामलों के कैबिनेट मंत्री जमीर अहमद खान एक प्राइवेट जेट में सीएम सिद्धारमैया के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। मालवीय ने कहा कि कर्नाटक कुशासन से जूझ रहा है, लेकिन कांग्रेस की लूट जारी

**संसद सुरक्षा में चूक का मामला**

## आरोपी ललित झा 5 जनवरी तक रिमांड पर

### सभी 6 आरोपियों का साइकोलॉजिकल टेस्ट होगा, रूटीन और आदतें परखी जाएंगी

● नई दिल्ली



संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 5वें आरोपी ललित झा की पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ा दी है। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश पर भी रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस को एक आरोपी की एफआईआर कॉपी देने का निर्देश दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने 21 दिसंबर को 4 अन्य आरोपियों सागर शर्मा, नीलम, मनोरंजन डी और अमोल शिंदे की पुलिस हिरासत 15 दिन के लिए बढ़ा दी थी। ीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामले में 6 आरोपियों का साइकोलॉजिकल टेस्ट होगा। इसमें आरोपियों का बर्ताव, आदतें और रूटीन की जांच होगी। ये टेस्ट सीबीआई की फोरेंसिक लैब और दिल्ली के रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में किया जाएगा। 21 दिसंबर को एक आरोपी को लैब लाया गया था। अब एक-एक करके बाकी आरोपियों को भी टेस्ट के लिए लाया जाएगा। साइकोलॉजिकल टेस्ट प्रश्न-उत्तर फॉर्मेट में होगा। यह तीन घंटे चलेगा। इसमें ये जाना जाएगा कि संसद में घुसपैठ करने का इन सभी लोगों का मकसद क्या था।

## अजित पवार बोले- पीएम और खड़गे में बड़ा अंतर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहुत बड़ा अंतर है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में जनता फिर से मोदी का समर्थन करेगी।

अजित ने भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ अपने गठबंधन को धोखा न देने की भी बात कही। साथ ही कहा कि वे भाजपा के चुनाव चिन्ह चुनाव से नहीं लड़ेंगे। मैं अपने फैसले को नहीं बदलूंगा। इसे स्टांप पेपर लिखित में देने को तैयार हूं। अजित ने कहा है कि सभी को पीएम मोदी की लीडरशिप में आना चाहिए।

**कहा- लोस में जनता मोदी के साथ, लिखकर देने को तैयार गठबंधन को धोखा नहीं दूंगा**

## संसद भवन-अयोध्या में बड़े धमाकों की धमकी

**जयपुर।** जयपुर कंट्रोल रूम के वॉट्सऐप नंबर पर गुरुवार को आए एक मैसेज ने तीन राज्यों में हड़कंप मचा दिया। तीन राज्यों की पुलिस अलर्ट हो गई है। इसमें लिखा था कि जयपुर, दिल्ली में संसद भवन-राष्ट्रपति भवन और अयोध्या में राम मंदिर पर आने वाले 7 दिनों में बड़े धमाके होंगे। युवती का फोन हैक कर जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में आया मैसेज- हमलावरों के पास आरडीएक्स और हथियार है। इस मैसेज मिलने के बाद से ही राजस्थान पुलिस, दिल्ली और यूपी में इस मैसेज के संबंध में गहन खोजबीन कर रही हैं।

### आज का इतिहास

- **1672**: खगोलविद जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की।
- **1894**: रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में पूस मेले का उद्घाटन किया।
- **1901**: शांतिनिकेतन में ब्रमचर्य आश्रम को औपचारिक रूप से खोला गया।
- **1902**: चौधरी चरण सिंह, भारत के सातवें प्रधानमंत्री का जन्म।
- **1912**: नई दिल्ली को देश की राजधानी घोषित करने के वास्ते वायसराय लार्ड हार्डिंग द्वितीय ने हाथी पर बैठकर शहर में प्रवेश किया लेकिन इस दौरान एक बम विस्फोट में वह घायल हो गए।
- **1914**: प्रथम विश्व युद्ध: ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची।
- **1921**: विश्व भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ।
- **1922**: बीबीसी रेडियो ने दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया।

## गुजरात की गिफ्ट सिटी में पी सकेंगे शराब, मिली अनुमति

**अहमदाबाद।** गांधीनगर में बनी गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टैक्स सिटी (गिफ्ट सिटी ) भारत की पहली स्मार्ट सिटी है। अब यहां काम करने वाले कर्मियों, अधिकारियों के साथ-साथ यहां आने वाले लोगों को आधिकारिक तौर पर गुजरात सरकार ने शराब पीने की परमिशन दी है। इसके लिए नारकोटिक्स और एक्साइज डिपार्टमेंट ने ऑर्डर जारी किया है।

गिफ्ट सिटी में शराब सेवन और सर्व करने के लिए 'वाइन एंड डाइन' सुविधा देने के लिए होटल, रेस्टोरेंट और क्लब में काम करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और उनके मालिकों को एफएलएक्स लाइसेंस दिया जाएगा।

**शराब कानूनों में मांगी गई थी छूट**: 27 सितंबर, 2020 को गिफ्ट प्रबंधन ने निषेध और उत्पाद शुल्क अधीक्षक को पत्र लिखकर गिफ्ट सिटी के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) क्षेत्र में शराब कानूनों में छूट की मांग की थी।

**सरकार के फैसले पर कांग्रेस ने साधा निशाना**: गिफ्ट सिटी में शराब सेवन में छूट दिए जाने के मुद्दे पर गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने गुजरात सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुजरात का विकास और शांति शराबबंदी से है। बाहर से उद्योगपति आते हैं और उद्योग स्थापित करते हैं। क्योंकि वे जानते हैं कि श्रमिक शराब के रास्ते नहीं जायेंगे। कारीगर, मजदूर या मेहनती व्यक्ति गलत रास्ते पर नहीं जाएगा और उत्पादन अच्छा होगा।

## 154 करोड़ का घपला: कांग्रेस विधायक सुनील केदार समेत छह दोषी करार, पूर्व मंत्री को झटका

**नागपुर।** नागपुर जिला मध्यवर्ती बैंक घोटाले में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक सुनील केदार को बड़ा झटका लगा है। नागपुर जिला और सत्र न्यायालय ने सुनील केदार को 154 करोड़ रुपए के घोटाले में मुख्य अभियुक्त मानते हुए दोषी करार दिया है। नागपुर जिला व सत्र न्यायालय ने केदार को पांच साल कैद की सजा सुनाई है।

इसी के साथ पांच अन्य भी दोषी साबित हुए हैं। वहीं 3 लोगों को अदालत ने सबूतों के आधार पर बरी कर दिया है। बता दें कि वर्ष 2002 में नागपुर जिला मध्यवर्ती बैंक में 152 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। तब कांग्रेस के विधायक सुनील केदार बैंक के चेयरमैन थे। वह इस मामले में मुख्य आरोपी भी थे। मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद की कुछ कंपनियों ने बैंक फंड से 125 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीदे थे। इसके बाद इन कंपनियों ने सरकारी बॉन्ड का भुगतान नहीं किया और बैंक को पैसा भी नहीं लौटाया। राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के तत्कालीन उपाधीक्षक किशोर बेले इस घोटाले के जांच अधिकारी थे। जांच पूरी होने के बाद 22 नवंबर 2002 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह मामला तब से लंबित था।

### दिल्ली की तीन व सिक्किम की एक रास सीट पर 19 जनवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिल्ली की तीन और सिक्किम की एक राज्यसभा सीट के लिए 19 जनवरी को चुनाव कराने की शुक्रवार को घोषणा की। 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और नारायण दास गुप्ता का छह साल का कार्यकाल अगले साल 27 जनवरी को, जबकि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के हिशे लाचुंगपा का कार्यकाल अगले साल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है।

### मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा पर पत्नी से मारपीट की एफआईआर दर्ज

**नोएडा।** इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ पत्नी से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज हुआ है। विवेक बिंद्रा यूट्यूबर के साथ-साथ एक बड़े कारोबारी भी हैं। 6 दिसंबर, 2023 को उन्होंने यानिका से शादी की और 14 दिसंबर को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। विवेक बिंद्रा पर आरोप है कि उन्होंने पत्नी से जमकर मारपीट की।

## क्या न्यूक्लियर हथियारों की टेस्टिंग की तैयारी में है चीन?

### सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

**नई दिल्ली।** चीन खुद को दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति बनाना चाहता है। इसके लिए वह 2030 तक 1000 परमाणु हथियार बनाने में लगा है। इस बीच कुछ सैटेलाइट तस्वीरों ने भी हलचल बढ़ा दी है। इन तस्वीरों से साफ संकेत मिलता है कि चीन उत्तर-पश्चिम के ऑटोनॉमस इलाके झिंजियांग में जल्द ही न्यूक्लियर हथियारों की टेस्टिंग या सब-क्रिटिकल न्यूक्लियर एक्सप्लोजन करने की स्थिति में हो सकता है।अमेरिकी अखबार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक डिटेल रिपोर्ट में चीन के इस न्यूक्लियर साइट की सैटेलाइट तस्वीरें पहली बार प्रकाशित हुई हैं। तस्वीरों में झिंजियांग में चीन की लोप नूर न्यूक्लियर टेस्ट फेसिलिटी के संभावित रिएक्टिवेशन को देखा जा सकता है। एक टीवी न्यूज चैनल के पास इन सैटेलाइट तस्वीरों को एक्सेस है।



## संक्षिप्त खबरें

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एनएफओ से जुटाए 3400 करोड़

**नई दिल्ली।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने विनिर्माण योजना के नई कोष पेशकश (एनएफओ) से 3,400 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड एक 'ओपन-एंडेड इक्विटी' योजना है जो एक से 15 तक खुली थी। एक्सिस म्यूचुअल फंड की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, थीमैटिक फंड को देश के 500 से अधिक स्थानों से निवेशक क्षेत्रों से मजबूत भागीदारी मिली और लगभग 1.5 लाख आवेदन प्राप्त हुए। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. गोपकुमार ने कहा, " आवेदकों में से 10 प्रतिशत ने एसआईपी (व्यवस्थित निवेश योजना) के जरिए दीर्घकालिक निवेश का विकल्प चुना। एनएफओ में निवेश करने वाले करीब 30 प्रतिशत एक्सिस म्यूचुअल फंड में नए निवेशक थे जो हम पर उनका विश्वास दर्शाता है।"

### डेल्हीवरी ने भिवंडी मेगा गेटवे को शुरू किया

**गुरुग्राम।** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी लिमिटेड ने भिवंडी में अपने सबसे बड़े मेगा-गेटवे को सफलतापूर्वक संचालित किया । 1,200,000 वर्ग फुट भूमि क्षेत्र में बने, भिवंडी ट्रकिंग टर्मिनल भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स सुविधाओं में से एक है। इसमें प्रति घंटे 32,000 शिपमेंट्स और 17,000 भारी वाहन इकाइयों को संसाधित करने की क्षमता है। कंपनी के सहिल बरुआ ने कहा, 'हमारा यह गेटवे हमें विश्वस्तरीय सेवा विश्वसनीयता और दक्षता बनाए रखते में मदद करेगा।

### एआई पेशेवरों की मांग 10 लाख तक पहुंचने का अनुमान

**गुरुग्राम।** अग्रणी रिमोट प्रॉक्टर्ड मूल्यांकन और परामर्श फर्म व्हीबॉक्स ने आज 'इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024' जारी की, जिसमें देश के कार्यबल पर कृत्रिम मेधा (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत एआई कौशल पैठ और प्रतिभा एकाग्रता में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति का दावा करता है। अगस्त 2023 तक 4.16 लाख एआई पेशेवरों के स्थापित प्रतिभा आधार के साथ देश लगभग 6.29 लाख की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। यह आंकड़ा 2026 तक 10 लाख तक बढ़ने की उम्मीद है। बड़े प्रतिभा पूल वाले राज्यों में हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना में उच्च रोजगार योग्य युवाओं की संख्या सबसे अधिक है।

### ल्यूपिन लि. ने किया सनोफी उत्पादों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** घरेलू दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने एक करोड़ यूरो (91 करोड़ रुपये) में सनोफी से यूरोप और कनाडा में स्थापित उत्पादों का एक खंड हासिल किया है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ल्यूपिन अटलांटिस होल्डिंग्स एसए (स्विट्ज़रलैंड) ने सनोफी के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सनोफी फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय दवा एवं स्वास्थ्य सेवा कंपनी है।

### पीएसपी प्रोजेक्ट्स को 159 करोड़ रुपये का ठेका मिला


**नई दिल्ली।** पीएसपी प्रोजेक्ट्स को गुजरात में 158.61 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह परियोजना गांधीनगर नगर निगम के अधीन आने वाली एक सड़क निर्माण से जुड़ी है। पीएसपी प्रोजेक्ट्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी को 158.61 करोड़ रुपये की परियोजना का ठेका मिला है। पीएसपी प्रोजेक्ट्स एक निर्माण कंपनी है जो भारत में औद्योगिक, संस्थागत, सरकारी, सरकारी आवासीय और आवासीय परियोजनाओं में निर्माण तथा संबद्ध सेवाओं की एक विविध श्रृंखला की पेशकश करती है।

### श्री बालाजी वॉल्व ने आईपीओ का मूल्य दायरा तय किया

**नई दिल्ली।** इस्पात उत्पाद बनाने वाली श्री बालाजी वॉल्व कंपोनेंट्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 95-100 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसका आईपीओ 27 दिसंबर को खुलेगा और 29 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ के तहत 21.6 लाख नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। पुणे की कंपनी श्री बालाजी वॉल्व कंपोनेंट्स बिजली, विनिर्माण, तेल और गैस और फार्मा जैसे उद्योगों के लिए वॉल्व कलपुर्जे बनाती है। *(एजेंसियां)*

## आभूषण बिक्री 10-12 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

**मुंबई(भाषा)।**



सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच 2023-24 में मूल्य के लिहाज से आभूषणों की बिक्री 10-12 प्रतिशत बढने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रेटिंग एजेंसी ने 2023-24 के दौरान घरेलू स्तर पर आभूषणों की बिक्री में मूल्य के लिहाज से वृद्धि के पूर्वानुमान को 8-10 प्रतिशत से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत कर दिया है। इक्रा ने कहा कि मुख्य रूप से सोने की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के कारण उसने अपने अनुमान को बढ़ाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 की पहली छमाही में आभूषणों की बिक्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। ऐसा अक्षय तृतीया के दौरान स्थिर मांग और सोने की ऊंची कीमतों के कारण है। हालांकि, इक्रा का अनुमान है कि मुद्रास्फीति के बीच लगातार सुस्त ग्रामीण मांग के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में यह वृद्धि दर घटकर 6-8 प्रतिशत रह जाएगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2023-24 की पहली छमाही में सोने की कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर थीं, हालांकि एक साल पहले की समान अवधि की औसत कीमतों की तुलना में यह 14 प्रतिशत अधिक थीं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मात्रा के लिहाज से धीमी वृद्धि के बावजूद कीमतों में बढोतरी के कारण खुदरा आभूषण विक्रेताओं की आय बढ़ी।

## निवेश कर भविष्य को करें सुरक्षित : सेबी

**मथुरा (वार्ता)।**




■ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से ही देश की समृद्धि का रास्ता निकलेगा : सेबी

■ म्यूचुअल फंड में निवेश के बहुत तरीके हैं इसमें छोटी पूंजी से भी सेविंग करके निवेशक अपनी कई जरूरतों को पूरा कर सकता है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के कार्यपालक निदेशक मनोज कुमार ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि बचत का सही निवेश करने से भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। श्री कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वैसे तो हर निवेश में जोखिम की संभावना रहती है मगर म्युचुअल फन्ड में अधिक समय के लिए कम निवेश करने पर भी अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। हर व्यक्ति को किसी प्रकार का निवेश करने के पहले उसकी शर्तो का गहन अध्ययन अवश्य करना चाहिए।

वरिष्ठ सलाहकार एमफ्री सूर्यकांत शर्मा ने बचत के महत्व, बचत को निवेश में परिवर्तित करने, सोच समझ कर निवेश करने, फाइनेंशियल प्लानिंग के महत्व तथा पॉवर ऑफ कंपाउंडिंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समृद्धि सभी का अधिकार है और यह भाग्य से नहीं बल्कि सतत प्रयास से मिलता है तथा इसे सभी को करना चाहिए। वित्तीय साक्षरता एवं धोखाधड़ी से बचाने के लिए एसोसिएसन आफ म्युचुअल फन्ड इन इन्डिया की ओर से महिला सश्क्तीकरण के अन्तर्गत अमरनाथ गर्ल्स पोस्टग्रेजुएट कालेज मथुरा में 200 से अधिक छात्राओं एवं शिक्षकों को अच्छे निवेश के तरीके के बारे में उक्त अधिकारियों ने न केवल जानकारी दी बल्कि उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। साथ ही बताया कि म्यूचुअल फंड में निवेश के बहुत तरीके है और इसमें छोटी पूंजी से भी सेविंग करके निवेशक अपनी जीवन की बहुत सारी जरूरतों को पूरा कर सकता है। अधिकारी ने बताया कि वित्तीय साक्षरता सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है जिसके तहत अधिक से अधिक नागरिकों को इसके महत्व एवं प्रासंगिकता के बारे में जागरूक किया जाता है। पर्सनल फाइनेंस को प्रभावी तरीके से संभालना और सही बचत तथा निवेश करके उससे अधिक से अधिक आय का रास्ता निकालने का मार्ग प्रशस्त करना ही इन कार्यक्रमों का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कि सेबी शेयर बाजार का राष्ट्रीय नियामक है और सेबी शेयर बाजार के घटकों के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। सेबी का मानना है कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से ही देश की समृद्धि का रास्ता निकलेगा। इसी उद्देश्य को ले कर अधिक से अधिक आयोजन महिला शिक्षण संस्थाओं में किये जा रहे है। बहुत से लोग अपने यहां निवेश करने पर प्रतिफल की गारंटी लेते है जो बिलकुल गलत है तथा ऐसा करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने की उनकी कोशिश रहती है। निवेशक को भी इस प्रकार के फ्राड से बचना चाहिए।

## सेंसेक्स 242 अंक और चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।**



■ आईटी शेयरों में लिवाली और अमेरिकी बाजारों के मजबूत रुख से बाजार बढ़त में रहा

■ निफ्टी भी 94.35 अंक उछल कर 21349.40 पर बंद

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 242 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से आईटी शेयरों में लिवाली और अमेरिकी बाजारों के मजबूत रुख से बाजार बढत में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 241.86 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढत के साथ 71,106.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.45 अंक चढ गया था।


नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 94.35 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,349.40 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो सबसे ज्यादा छह प्रतिशत लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, मारुति, टाटा स्टील, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "गिरावट पर खरीदारी की रणनीति से बाजार में तेजी रही...मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर मांग में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी तथा अगले साल नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से बाजार में मजबूती आई। नीतिगत दर कटौती को अमेरिका में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़े उम्मीद से अधिक धीमे रहने तथा डॉलर में कमजोर रुख से समर्थन मिला है।"

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक दायरे में रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.01 प्रतिशत की बढत के साथ 80. 19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 1,636.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 358.79 और निफ्टी 104.90 अंक मजबूत हुआ था।

## देश में 2030 तक हर साल बिकेंगे एक करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन : गडकरी



■ कहा, पैदा होंगी पांच करोड़ नौकरियां

■ 19वें ईवी एक्सपो 2023 का शुभारंभ

■ एक्सपो में 180 देशी-विदेशी ई-व्हीकल कंपनियां अपने नवीनतम माडल प्रदर्शित करेंगी

■ मेले में लिथियम आयन बैटरी व नवीनतम चार्जिंग साल्यूशंस भी पेश किये गये

**नई दिल्ली ।** भारत में 2030 तक सालाना एक करोड़ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि इससे करीब पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने 19वें ईवी एक्सपो 2023 को संबोधित करते हुए कहा, 'वाहन आंकड़ों के अनुसार भारत में 34.54 लाख ईवी पहले ही पंजीकृत हैं।' केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत में दुनिया का शीर्ष ईवी विनिर्माता बनने की क्षमता है और सरकार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने मौजूदा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हाइब्रिड और पूरी तरह से ईवी में बदलने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक में तेजी से ईवी को बढ़ावा देने का है।

इस एक्सपो में लगभग 180 राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय ई-व्हीकल कंपनियां अपने प्रदूषण रहित नवीनतम ई-वाहन प्रदर्शित करेंगी। साथ ही एक्सपो में लिथियम आयन बैटरीज और नवीनतम चार्जिंग सॉल्यूशंस भी प्रदर्शित हो रहे हैं।

एलटियस ऑटो सॉल्यूशंस द्वारा आयोजित ईवी एक्सपो, इलेक्ट्रिक वाहनों, एक्ससरीज, बैटरी और चार्जिंग सॉल्यूशंस को समर्पित भारत का सबसे व्यापक ट्रेड शो है। दिसम्बर 2015 में नई दिल्ली में अपने पहले संस्करण के साथ 2017 तक दिल्ली और कोलकाता में एक्सपो का आयोजन साल में दो बार किया जा रहा था।

इसके बाद के संस्करण बेंगलुरू, लखनऊ और हैदराबाद में भी आयोजित किए गए हैं। दिल्ली संस्करण ईवी एक्सपो का सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है।

## 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर ₹39.50 सस्ता हुआ

**नई दिल्ली (भाषा)।**



अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में नरमी के बीच वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमतों में शुक्रवार को प्रति सिलेंडर 39.50 रुपये की कटौती की गई।

हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, होटल और रेस्तरां जैसे विभिन्न प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब राष्ट्रीय राजधानी में 1,757 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर होगी, जो पहले 1,796.50 रुपये थी। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में एक दिसंबर को बढोतरी की गई थी।

मुंबई में अब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 1,710 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर, कोलकाता में 1,868.50 रुपये और चेन्नई में 1,929 रुपये होगी। स्थानीय कर के आधार पर दरें अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न होती हैं।

एलपीजी के मूल्य निर्धारण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला सूचकांक सऊदी अनुबंध मूल्य (सीपी) में पिछले कुछ हफ्तों की अधिक आपूर्ति की चिंताओं के बीच नरमी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार रिकॉर्ड 21वें महीने स्थिर बनी हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये प्रति लीटर है और डीजल की 89.62 रुपये प्रति लीटर है।

## दिवाला से जुड़े शीर्ष 20 मामलों पर नजर रखें बैंक : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उनके फंसे कर्ज के प्रबंधन के संदर्भ में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता के 20 शीर्ष मामलों पर नजर रखने और उसकी समीक्षा करने को कहा।

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक बैठक में फंसे कर्जों के निपटान के मकसद से दिवाला से जुड़े शीर्ष 20 मामलों की मासिक आधार पर समीक्षा करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत मामलों के समाधान के लिए लंबे समय से लंबित मामलों पर नजर रखने को भी कहा। बैठक में राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लि. (एनएआरसीएल) के कामकाज की भी समीक्षा की गयी। आने वाले दिनों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी बैंकों के कामकाज से संबद्ध विभिन्न पहलुओं की जांच करेंगी।

## मारुति सुजुकी हरियाणा में अपना दूसरा जेआईएम स्थापित करेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

■ नया संयंत्र रोहतक जिले के कंसाला में स्थापित होगा

■ हरियाणा सरकार ने भूमि दी

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने हरियाणा में दूसरा जापान-भारत विनिर्माण संस्थान (जेआईएम) स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नया संस्थान रोहतक जिले के कंसाला में स्थापित किया जाएगा और इसका परिचालन अगले साल से शुरू होगा।

वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि लगभग पांच एकड़ में फैले मौजूदा आईटीआई को 5.8 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत कर जेआईएम बनाया जाएगा। कंपनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कंसाला में जेआईएम के लिए भूमि और भवन प्रदान किया है, जबकि कंपनी उपकरण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षित शिक्षक प्रदान करेगी। कंपनी इसके अलावा 15 साल तक इस संस्थान का प्रबंधन भी करेगी।

एमएसआई के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा, "भारतीय यात्री वाहन उद्योग अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और बढता हुआ उद्योग है। इस वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए विनिर्माण क्षमता के अनुरूप मानव क्षमता तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है।"

उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए युवाओं को कुशल बनाने से आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। एमएसआई के देश में तीन जेआईएम हैं, जिनमें दो गुजरात में और एक हरियाणा में है। रोहतक में नया जेआईएम खुलने से कुल संख्या बढकर चार हो जाएगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 615 अरब डॉलर के पार

**मुंबई (भाषा)।**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.85 अरब डॉलर पर था।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के चलते दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.34 अरब डॉलर बढ़कर 545.04 अरब डॉलर हो गयीं।

## दवा उद्योग के नए साल में निरंतर वृद्धि करने की उम्मीद

**नई दिल्ली (भाषा)।**



■ नीतिगत सुधार और भारत की उद्यमशीलता शक्ति का अभिसरण इस क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देगा : आईपीए

■ भारतीय दवा क्षेत्र का लक्ष्य 2030 तक 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350-400 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का है

घरेलू दवा उद्योग को बढ़ते हुए गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने सहित विभिन्न चुनौतियों के बीच 2024 में निरंतर वृद्धि की उम्मीद है। किफायती जेनेरिक उत्पादों के साथ वैश्विक बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पहचाना जाने वाला उद्योग, बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को आगे बढाने, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश करने और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है।

इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, " नीतिगत सुधार और भारत की उद्यमशीलता शक्ति का अभिसरण इस क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देगा। साथ ही यह भारत और वैश्विक स्तर पर मरीजों के लिए उचित गुणवत्ता वाली एवं सस्ती दवाओं की निरंतर आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगा। आईपीए में शीर्ष घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, अरबिंदो फार्मा, सिप्ला, ल्यूपिन और ग्लेनमार्क शामिल हैं।

जैन ने कहा कि इस साल सरकार ने फार्मा मेडटेक सेक्टर (पीआरआईपी) में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय दवा नीति पर दृष्टिकोण पत्र जैसी विभिन्न नीतिगत पहलों की घोषणा की और जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 'वन हेल्थ' पर भी जोर दिया। 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया' (ओपीपीआई) के महानिदेशक अनिल मटाई ने कहा कि दवा क्षेत्र 2024 में निरंतर वृद्धि और नवाचार के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, "अगले साल हम सरकार और दवा उद्योग के बीच निरंतर साझेदारी की उम्मीद करते हैं। इससे प्रगति होगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और अंततः एक स्वस्थ व अधिक मजबूत समाज विकसित करने में मदद मिलेगी।" ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ग्लेन सल्दान्हा ने कहा कि भारतीय दवा उद्योग ने पिछले पांच वर्षो में निर्यात में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण प्रगति की है।

उन्होंने कहा, 'मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ने की हमारी रणनीति के तहत नवाचार और जटिल जेनेरिक विकसित करने पर जोर देने के साथ हम दुनिया भर में मरीजों की बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।" डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय दवा क्षेत्र का लक्ष्य 2030 तक 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350-400 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का है।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 113वां स्थापना दिवस मनाया



**लखनऊ ।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कल अपना 113 स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख ए.के. खन्ना, क्षेत्रीय प्रमुख रोहित कुमार और बद्रत्क के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, ग्राहक गणों, बैंक के पूर्व वरिष्ठ कार्यपालकों ने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानवाला को पुष्पांजली अर्पित की। बैंक के अंचल प्रमुख श्री खन्ना ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना दिवस पर शुभकानाएं व्यक्त की। उन्होंने बैंक के सभी कर्मचारियों से नए जोश के साथ कार्य करने एवं सर्वोत्तम ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए निरंतर सीखना नितांत आवश्यक है। समारोह में प्रतिष्ठित ग्राहकों, पूर्व वरिष्ठ कार्यपालकों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रोहित कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्टेट बैंक ने दिव्यांग खिलाड़ियों को व्हीलचेयर भेंट की



**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने बैंक के स्थानीय मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन को व्हीलचेयर भेंट की। इस अवसर पर बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शरद एस चांडक भी उपस्थित थे। व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन, लखनऊ के प्रेसिडेंट अभय प्रताप सिंह ने स्टेट बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, उप महाप्रबंधक गण, वरिष्ठ अधिकारी गण एवं दिव्यांग खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# निजी कारणों से कोहली लौटे स्वदेश, ऋतुराज भी द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

## अभिमन्यु ईश्वरन भारतीय टीम में शामिल



सेंचुरियन,(एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौट आए है। वहीं उंगली में चोट की वजह से ऋतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार विराट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए समय पर जोहान्सबर्ग वापस आ जाएंगे। विराट ने तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच में हिस्सा नहीं लिया। इस बीच ऋतुराज गायकवाड़ उंगली की चोट के कारण दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। इस समय दक्षिण अफ्रीका में भारत ए टीम में हिस्सा रहे अभिमन्यु ईश्वरन गायकवाड़ की जगह लेंगे। दो मैचों की टेस्ट सीरीज में अय्यर और राहुल लंबे समय के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। यह दोनों आखिरी बार फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान भारत के लिए खेले थे।

## टेस्ट सीरीज से पहले भारत ने शुरु किया अभ्यास, खेला इंट्रा-स्क्वॉड मैच

भारतीय टीम ने 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए अभ्यास शुरू कर दिया लेकिन इस सत्र को देखने की अनुमति मीडिया को भी नहीं थी। शुभमन गिल ने टीम में आपस में खेले गए मैच में शतक जड़कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। तीसरे नंबर पर उतरे गिल ने तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वॉड मैच के दूसरे दिन शतक बनाया। प्रिटोरिया के टक्स ओवल मैदान पर मीडिया को भी बाहर रखा गया। पहले टेस्ट के मेजबान सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क से यह जगह 45 मिनट की दूरी पर है। अपनी रणनीति को गोपनीय रखने की कवायद में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन ने बाहरी लोगों को मैदान के भीतर आने नहीं दिया। दुनिया भर में फुटबॉल टीमें बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास करती है जहां मीडिया को सिर्फ वॉर्म अप देखने की अनुमति होती है। कोच के आने के बाद असल अभ्यास शुरू होते ही उन्हें बाहर जाना पड़ता है। भारतीय क्रिकेट टीम काफी समय से यदा कदा बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास की रणनीति अपनाती आई है। शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जमाया।

## सूर्या की चोट ने बढ़ाई भारत की टेंशन, 7 सप्ताह तक रह सकते हैं टीम से बाहर

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एड़ी की चोट के कारण करीब सात सप्ताह तक भारतीय टीम से बाहर हो सकते हैं। जोकि भारत के लिए टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए बड़ा झटका है। हाल ही में समाप्त हुई ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में सूर्यकुमार ने भारतीय टीम की कप्तानी की थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान फील्डिंग करते समय सूर्यकुमार यादव के टखने में ग्रेड-2 चोट आई। सूर्यकुमार यादव का दक्षिण अफ्रीका से वापसी के बाद भारत में एड़ी का स्कैन हुआ था। चोट की गंभीरता को देखते हुए सूर्यकुमार यादव अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, जोकि टी20 विश्वकप से पहले भारत की आखिरी टी20 सीरीज होगी। सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।



## मेंटली थक गए थे ईशान किशन, इस कारण टेस्ट सीरीज से वापस लिया नाम



भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैच की टेस्ट सीरीज से हटने का फैसला किया है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को इसके पीछे की वजह बताई और बीसीसीआई ने निजी कारण बताकर उन्हें दौरे से बाहर किया और उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान कर दिया था। हालांकि अब ईशान किशन के बाहर होने की असल वजह सामने आई है, जोकि थोड़ा परेशान करने वाली है। दरअसल ईशान किशन लगातार भारतीय टीम के साथ बने हुए थे और उन्हें तब खेलने का मौका मिलता था, जब नियमित खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होते थे, टीम में जगह पक्की ना होने के कारण वह मानसिक रुप से थक गए थे और इस वजह से उन्होंने आराम करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर होने का फैसला किया।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लेंगे एल्गर

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व टेस्ट कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज डीन एल्गर ने तीन जनवरी से केपटाउन में भारत के खिलाफ शुरु होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। एल्गर ने कहा कि सभी अच्छी चीजों का अंत होता है। भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज उनकी आखिरी होगी। उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि एक खेल जिसने मुझे बहुत कुछ दिया है। केप टाउन दुनिया में मेरा पसंदीदा स्टेडियम यहां मैंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट रन बनाया था और उम्मीद है कि आखिरी भी। एल्गर ने कहा कि क्रिकेट का खेल खेलना हमेशा से मेरा एक सपना रहा है, लेकिन अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर परम सौभाग्य है। एल्गर करीब 12 साल क्रिकेट करियर में दक्षिण अफ्रीका टीम के लिए 84 टेस्ट खेले और 5000 से अधिक रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 17 टेस्ट मैचों में कप्तानी की है। उन्होंने आठ एकदिवसीय मैच भी खेले हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2012 में पहला टेस्ट मैच खेला था।



**अंतरराष्ट्रीय टेस्ट करियर**

| | |
|---|---|
| मैच | 84 |
| रन | 5146 |
| शतक | 13 |
| अर्धशतक | 23 |

## इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम पहली बार भारत का दौरा करेगी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आयेगी जिसमें वह अगले साल 28 जनवरी से छह फरवरी तक कई मुकाबले खेलेगी। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने कहा, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह का समर्थन और मार्गदर्शन इस ऐतिहासिक दौरे को आयोजित करने में अहम रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग खिलाड़ियों को चमकने का मौका मुहैया कराने की अहमियत समझी और क्रिकेट की समावेशिता का समर्थन किया। गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल का समर्थन भी इस दौरे के लिए महत्वपूर्ण रहा।

## टेटे चैम्पियनशिप में हरमीत ने जीता खिताब

**पंचकुला, (एजेंसी)।** शीर्ष वरीय हरमीत देसाई ने शुक्रवार को ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 85वीं यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में दूसरे वरीय जी साथियान को 4-3 से हराकर अपना दूसरा पुरुष एकल खिताब जीता। महिला एकल वर्ग का खिताब पोयमंती बैस्य ने हासिल किया। रेलवे की इस खिलाड़ी ने अयहिका मुखर्जी को 4-2 से पराजित किया।

## ध्रुव ने जीता राष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिताब

**चेन्नई,(एजेंसी)।** ध्रुव सितवाला ने बड़ा उलटफेर करते हुए पहला सीनियर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में पैट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड के अपने साथी सौरव कोठारी को 5-3 से हराया। सितवाला अंतिम चार चरण में विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी को समान अंतर से हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

## आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा

**मेलबर्न,(एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है। इससे पहले आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा था, उस्मान ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया और आईसीसी से अनुमति लिए बिना पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में निजी संदेश (बांह पर काली पट्टी) दिया। यह अन्य उल्लंघन श्रेणी में आता है और पहला अपराध होने पर उन्हें फटकार लगाई गई है ।

**एकमात्र टेस्ट: टीम इंडिया ने स्टंप्स तक 7 विकेट पर बनाए 376 रन, 157 रनों की हुई कुल बढ़त**

# दूसरा दिन भी भारतीय महिलाओं के नाम

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंधाना, ऋचा, रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने जड़े अर्धशतक

**मुंबई,(एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में भारत ने पहले दिन कंगारुओं को 219 रन पर ऑलआउट करने के बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे दिन स्टंप तक अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 376 रन बनाकर मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली हैं। भारत को एक विकेट पर 98 रन से दूसरे दिन की शुरुआत की। भारत को पहला और पारी का दूसरा झटका नाइट वॉचमैन स्नेह राणा के रूप में लगा, जिन्हें गार्डनर ने बोल्ड किया। पहले दिन 43 रन बनाकर नाबाद रहीं मंधाना ने 68 गेंदों में अपना अर्धशतक जमाया। वह 74 रन बनाकर रन आउट हुई। उनके बाद ऋचा घोष ने भी अर्धशतक जड़ा, लेकिन वे 52 रन बनाकर पवेलियन लौटी। जल्द ही कप्तान हरमनप्रीत कौर और यास्तिका भाटिया भी आउट हो गई। जेमिमा रोड्रिग्स ने 121 गेंद में 73 रन की दमदार पारी खेली। भारत ने दूसरे दिन अपना आखिरी विकेट जेमिमा रोड्रिग्स (73 रन) के रूप में गंवाया। इसके बाद दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्राकर ने शतकीय साझेदारी करते हुए विकेट नहीं गिरने दिया। पूजा 33 और दीप्ति 70 रन बनाकर नाबाद लौटीं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐशली गार्डनर ने चार विकेट झटके।

**स्कोर बोर्ड**

ऑस्ट्रेलियाई महिला : पहली पारी- 219/10,

| भारतीय महिला पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा पगबाधा जॉनासन | 40 | 59 | 8/0 |
| स्मृति मांधना रन आउट | 74 | 106 | 12/0 |
| स्नेह राणा बो. गार्डनर | 09 | 57 | 1/0 |
| ऋचा घोष कै. गार्डनर बो. गार्थ | 52 | 104 | 7/0 |
| जेमिमाह कै. सदरलैंड बो. गार्डनर | 73 | 121 | 9/0 |
| कौर पगबाधा गार्डनर | 00 | 02 | 0/0 |
| यास्तिका भाटिया पगबाधा गार्डनर | 01 | 07 | 8/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 70 | 147 | 9/0 |
| पूजा वस्त्रकर नाबाद | 33 | 115 | 4/0 |

**अतिरिक्त**: 24, **कुल**: 119 ओवर में 7 विकेट पर 376 रन, **विकेट पतन**: 1-90, 2-140, 3-147, 4-260, 5-261, 6-265, 7-274, **गेंदबाजी**: लॉरेन चीटल 9-3-23-0, किम गार्थ 10-1-49-1, एलिस पेरी 4-0-31-0, एश्ली गार्डनर 41-7-100-4, जेस जॉनासन 18-4-42-1,ऐनाबेल सदरलैंड 8-2-20-0, अलाना किंग 19-1-69-0, तालिया मैक्ग्रा 10-2-22-0.



## दीप्ति शर्मा पहले चार टेस्ट में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं

भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने कंगारुओं के खिलाफ अर्धशतक जड़कर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वह महिला क्रिकेट के इतिहास में अपने पहले चार टेस्ट मैचों में अर्धशतक बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की डेनिस एमर्सन नी एल्डरमैन के बाद दूसरी खिलाड़ी बनीं। दीप्ति ने पिछले हफ्ते डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले टेस्ट में 67 और 20 रन बनाए थे। उत्तर प्रदेश के आगरा की 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 54 रन बनाए थे, जिससे भारत को मैच ड्रा कराने में मदद मिली। सितंबर 2021 में कैरारा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अगले टेस्ट में, दीप्ति ने पहली पारी में 66 रन बनाए। डी वाई पाटिल और वानखेड़े में लगातार अर्धशतकों ने उन्हें रिकॉर्ड बनाने में मदद की और पहले चार टेस्ट मैचों में अर्धशतक बनाने में डेनिस एमर्सन के साथ शामिल हो गईं। डेनिस ने दिसंबर और जनवरी 1985 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली चार पारियों में 84, 131, 84 और 58 रन बनाए थे। इस तरह दीप्ति महिला क्रिकेट में लगातार मैचों में चार अर्धशतक बनाने वाली नौवीं बल्लेबाज बन क्रिकेट लगातार सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से ऑस्ट्रेलिया की पेटा वेरको और भारत की हेमलता काला के नाम है, जिन्होंने लगातार पांच अर्धशतक बनाए थे। वेरको ने पांच टेस्ट मैचों में 68, 81, 67, 105 और 78 रन बनाए। हेमलता ने 2002 से 2006 के बीच पांच मैचों में 110, 64, 62, 110 और 68 रन बनाए।



# इंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 से जीती टी-20 सीरीज

**आखिरी मैच में अंग्रेजों को चार विकेट से दी शिकस्त**



**तारोबा,(एजेंसी)।** गुडाकेश मोती की शानदार गेंदबाजी और शाइ होप की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने बेहद करीबी मुकाबले के आखिरी ओवर में विश्व चैम्पियन इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी-20 सीरीज 3-2 से जीत ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 132 रन पर आउट हो गई। जबाव में विंडीज ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड टीम ने डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके मुकाबले को करीबी बना दिया। तेज गेंदबाज रीसे टॉपले ने 17वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। मध्यम तेज गेंदबाज सैम करेन ने 19वें ओवर में सिर्फ दो रन देकर आंद्रे रसेल को आउट किया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को नौ रन की जरूरत थी। जैसन होल्डर ने क्रिस वोक्स की पहली गेंद पर तीन रन निकाले। इसके बाद शाइ होप ने डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। मेजबान टीम ने वनडे सीरीज भी 2-1 से जीती थी। विंडीज के लिए होप ने 43 गेंद में 43 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से फिल साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन की पारी खेली इसके अलावा मोईन अली ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन का योगदान दिया। विंडीज के लिए गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

## कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह बोले- खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा

**वाराणसी,(एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष संजय सिंह ने अपने पहले इंटरव्यू में कहा कि फेडरेशन में खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा। साक्षी मलिक जैसे लोग अब खिलाड़ी नहीं रह गए। वो तो राजनीतिक मोहरा हो गए हैं। हम नहीं चाहते कोई कुश्ती छोड़े, हर खिलाड़ी का स्वागत है। साक्षी भी अगर आना चाहती हैं, तो ट्रायल दें और कुश्ती लड़ें। संजय सिंह गुरुवार को हरियाणा की अनीता श्योराण को हराकरडब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बने। उनके अध्यक्ष बनते ही साक्षी मलिक ने कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि संजय सिंह बृजभूषण बिजनेस पार्टनर हैं। डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह को बबलू के नाम से भी जाना जाता है। वह यूपी रेसलिंग फेडरेशन और राष्ट्रीय कुश्ती संघ में पदाधिकारी रह चुके हैं। संजय सिंह ने चुनाव के 12 घंटे के अंदर नेशनल चैंपियनशिप की घोषणा कर दी। अंडर-15 और अंडर-20 की चैंपियनशिप गोंडा के नंदिनी नगर में कराया जाना है। 28 से 30 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती होगी।

# महिला हॉकी टीम ने शुरु की ओलंपिक क्वॉलीफायर की तैयारी

## मुख्य कोच बोले, हमारे पास खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करने के लक्ष्य के साथ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलीफायर रांची 2024 रांची में प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रही है।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने भारत की संभावनाओं पर कहा, हमारे पास पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन की लड़ाई के लिए कुछ उच्च क्षमता वाली टीमें रांची आ रही हैं, लेकिन हमारे पास खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह और एक उत्कृष्ट सहयोगी स्टाफ है। इसलिए हमें यकीन है कि हम पोडियम पर पहुंच सकते हैं और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। इसका उद्देश्य प्रत्येक मैच को अपनी शर्तों पर खेलना, खेल में अपने कार्यों के लिए अधिक जिम्मेदारी लेना, पीछे से मजबूत होना और बनाए गए अवसरों को भुनाना होगा। भारत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ अभियान शुरू करेगा और 16 जनवरी को इटली के खिलाफ अपने आखिरी पूल बी मुकाबले से पहले 14 जनवरी को न्यूजीलैंड का सामना करेगा। टीम स्पेन में मैच खेलने के बाद यह टूर्नामेंट खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में स्वर्ण पदक और 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता, दोनों बार जापान को हराया। घरेलू प्रशंसकों के उत्साहपूर्ण समर्थन से उत्साहित टीम आगामी दौरे को लेकर आशावादी है। टीम का



मुख्य लक्ष्य शीर्ष तीन में जगह बनाना और 2024 में पेरिस ओलंपिक में स्थान सुरक्षित करना है। तैयारियों के बारे शोपमैन ने कहा कि पिछले कुछ महीने महत्वपूर्ण थे और एशियाई खेलों से सीधे क्वालीफिकेशन से चूकने के बाद टीम ने जिस तरह का खेल दिखाया है उससे मैं खुश हूं।

# घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है सिंगापुर

यदि कभी किसी को पूरे एशिया को एक शहर में समेटना हो, तो वह सिंगापुर ही होगा। इस देश की जड़ें संपूर्ण एशिया की संस्कृतियों के मिश्रण से एक आधुनिक समाज में परिवर्तित होने से उत्पन्न हुई हैं। सिंगापुर भी दिसंबर में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यहां यात्री दुनिया भर के मनोरंजन पार्क, थीम पार्क, ध्वनि और रोशनी, खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

**सिंगापुर में घूमने की जगहें**- सिंगापुर के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। सिंगापुर म्यूजियम में सिंगापुर की आजादी की कहानी आकर्षक थ्री-डी वीडियो शो द्वारा दर्शाई जाती है। इस आजादी की लड़ाई में भारतीयों का भी महत्वपूर्ण योगदान था।

इसके अलावा, सिंगापुर के कल्चर म्यूजियम में विभिन्न त्योहारों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें दशहरा, दीपावली का भी महत्व बताया गया है। 600 प्रजातियों व 8000 से ज्यादा पक्षियों के संग्रह के साथ जुरोंग बर्ड पार्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा पक्षी पार्क है। आप इसे भी देखने जा सकते हैं। यहां दक्षिणी ध्रुव का कृत्रिम वातावरण बनाकर पेंग्विन पक्षी रखे गए हैं। 30 मीटर ऊँचा मानव निर्मित जलप्रपात व ऑल स्टार बर्ड शो जिसमें पक्षी टेलीफोन पर बात करते हैं, यहां का अन्य प्रमुख आकर्षण हैं।

इसके अलावा, रेप्टाइल पार्क में 10 फुट लंबे जिंदा मगरमच्छ के मुँह में प्रशिक्षक द्वारा अपना मुँह डालना व कोबरा साँप का चुंबन लेना रोमांचकारी लगता है। जूलॉजिकल गार्डन में एनिमल फीडिंग शो, सी. लायन डांस शो आदि भी दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इसके अलावा आप सेंटोसा द्वीप, गार्डन बाय द बे, मर्लिन फाउंटेन और लिटिल इंडिया भी घूमने जा सकते हैं।

**खरीदारी के लिए चीजें**- ऑर्किड परफ्यूम, मिनीटाउर मेरलियन्स, नारियल जैम, लक्सा पेस्ट

**दिसंबर में मौसम**- मौसम सुहावना रहता है और तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहता है

**कैसे पहुंचे**: भारत के विभिन्न शहरों से सिंगापुर के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं।

## सीनियर्स कप में वीएस अकादमी और भोपाल मास्टर्स जीते

**भोपाल,(खेसं)।** स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में वीएस अकादमी और भोपाल मास्टर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते। पहले मुकाबले में वीएस क्रिकेट अकादमी ने आरसीसी को पांच विकेट से हराया। आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 172 रन बनाए। जिसमें जय देवनानी ने 54 व राज मेहता और निखिल ने 29-29 रन का योगदान दिया।

वीएस अकादमी की तरफ से अविरल और गुरु प्रसाद ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी वीएस अकादमी की टीम ने 19.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन बनाकर मैच जीत लिया। वीएस अकादमी की तरफ से अविरल झा ने 64, उत्कर्ष ने 46 और हृदेश ने 28 रनों की पारी खेली। आरसीसी की तरफ से जमरान जावेद ने दो विकेट लिए। अविरल झा को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में भोपाल मास्टर्स ने भी सीनियर्स क्लब को पांच विकेट से हराया। सीनियर्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 5 विकेट खोकर 179 रन बनाए। जिसमें अमय दुबे और आजम ने 48-48 रनों की पारी खेली। भोपाल मास्टर की तरफ से जावेद ने दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल मास्टर्स की टीम ने 5 विकेट पर 183 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। जिसमें सुमित तनेजा ने नाबाद 76 रन की पारी खेली।

## सत्र 2023 में भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने जीतीं 6 राज्य स्तरीय ट्रॉफियां



**भोपाल,(एजेंसी)।** सत्र 2023 में भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने 6 राज्य स्तरीय ट्रॉफियां अपने नाम की। हाल ही में शिवपुरी में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 10 संभागों के खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया। इसी प्रतियोगिता के बालक वर्ग-17 में भोपाल संभाग मेजबान ग्वालियर के खिलाफ फाइनल मैच हराकर उपविजेता रहा। भोपाल टीम के लगातार शानदार प्रदर्शन पर भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णा घाड़गे और सचिव संदीप राव ने टीम को शुभकामनाएं दी। भोपाल जिले के लगभग 35 हैंडबॉल खिलाड़ी राष्ट्र स्तर पर मध्य प्रदेश का नेतृत्व कर चुके है।

# आरजीपीवी भोपाल की शानदार जीत

**महाराज गंगा, कामधेनु और जय नारायण यूनिवर्सिटी भी अगले दौर में**



**भोपाल(खेसं)।** आरजीपीवी भोपाल, संत गाडगे, महाराज गंगा, कामधेनु और जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वधान में आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेन्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट के नॉक आउट के मुकाबला में संत गाडगे यूनिवर्सिटी ने वीवीआईटी बड़ोदरा को 3-1 से मात दी। महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी ने एमआईटी पुणे को 3-2 से हराया। कामधेनु यूनिवर्सिटी ने एमसी बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी को 3-0 से पराजित किया। आरजीपीवी भोपाल ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 3-0 से शिकस्त दी। जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी ने गुजरात यूनिवर्सिटी को 3-1 से मात दी। विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन ने कर्मवीर भाऊराव पाटिल यूनिवर्सिटी 3-1 से हराया। वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी ने राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेन्स टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 24 दिसंबर को खेला जाएगा।

दो वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 62.6% बच्चे अनुशंसित दैनिक फल सेवन को पूरा करते हैं, लेकिन केवल 9% ही अनुशंसित सब्जी सेवन को पूरा करते हैं



जानें उस आदत को जिससे हर माता पिता परेशान हैं

# बच्चे फल खाते हैं लेकिन सब्जियां नहीं खाते

**वोलोंगोंग, (द कन्वरसेशन)।** क्या ऐसा लगता है कि आप अपने बच्चों को जो सब्जियां परोसते हैं उनमें से ज्यादातर सब्जियां प्लेट में ही रह जाती हैं, या इससे भी बदतर, फर्श पर बिखरी रहती हैं? लेकिन मिठाई या फलों का जिक्र करें, तो प्लेट झट से खाली हो जाती है। या हो सकता है कि गाजर और खीरे के टुकड़े, आपके बच्चे के लंचबॉक्स में बिना छुए घर आती रहती हों, लेकिन संतरे की फांकें कहीं नजर नहीं आतीं।यदि आप अपने बच्चे के साथ इन संघर्षों का सामना कर रहे हैं, तो आप अकेले नहीं हैं। कई बच्चे सब्जियों की अपेक्षा फल पसंद करते हैं।तो यदि आपका बच्चा बहुत सारे फल खाता है लेकिन सब्जियां बहुत कम या बिल्कुल नहीं खाता है, तो क्या यह ठीक है? और आप उन्हें अधिक सब्जियाँ खाने के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं?

**बच्चों में फलों के प्रति जन्मजात रुचि होती है**

ऑस्ट्रेलियाई आहार दिशानिर्देशों के अनुसार सब्जियों और फलों की दैनिक खुराक बच्चे की उम्र पर निर्भर करती है। ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के बीच उपभोग सिफारिशों से काफी नीचे है। दो वर्ष से अधिक आयु के लगभग 62.6% बच्चे अनुशंसित दैनिक फल सेवन को पूरा करते हैं, लेकिन केवल 9% ही अनुशंसित सब्जी सेवन को पूरा करते हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि बच्चों में फल के प्रति स्वाभाविक प्राथमिकता होती है। कम से कम आंशिक रूप से, यह इसकी मिठास और बनावट के कारण है, चाहे वह कुरकुरा, मीठा या रसदार हो। फलों की बनावट को बच्चों में सकारात्मक संवेदी अनुभव से जोड़ा गया है। दूसरी ओर, सब्जियाँ स्वाद में अलग होती हैं, और कुछ प्रकार की, जैसे क्रूसिफेरस सब्जियाँ, बच्चों को कड़वी लग सकती हैं। बच्चे अक्सर सब्जियों के बजाय फल पसंद करते हैं, इसका कारण माता-पिता की पसंद से भी संबंधित हो सकता है।



**संतुलन महत्वपूर्ण है**

इसलिए, फलों को प्राथमिकता देना आम बात है। लेकिन क्या यह ठीक है कि आपका बच्चा फल तो खूब खाता है लेकिन सब्जियाँ बहुत कम या बिल्कुल नहीं खाता है? यह एक ऐसा प्रश्न है जो आहार विशेषज्ञ से नियमित रूप से पूछा जाता है।आप सोच रहे होंगे, कम से कम मेरा बच्चा तो फल खा रहा है। हो सकता है कि वे न सब्जी खा रहे हों और न ही फल खा रहे हों। यह सच है। लेकिन यह बहुत अच्छी बात है कि आपका बच्चा फल पसंद करता है, संतुलित भोजन पैटर्न के हिस्से के रूप में सब्जियाँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

### बच्चों को सब्जियां पसंद करवाने के लिए युक्तियां

**उन्हें साथ रखें**

जब आप खरीदारी करने जाएं तो अपने बच्चे को अपने साथ ले जाएं। उन्हें नई सब्जियां चुनने दें। देखें कि क्या आपको ऐसी सब्जियाँ मिल सकती हैं जिन्हें आपने नहीं खाया है, तो आप दोनों को एक नया अनुभव हो रहा है। फिर उनसे आपके द्वारा चुनी गई रेसिपी का उपयोग करके सब्जियां तैयार करने या पकाने में आपकी मदद करने के लिए कहें। इससे आपका बच्चा सकारात्मक तरीके से सब्जियों से परिचित होगा और उन्हें अधिक खाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**खाने का मजा लीजिए**

विभिन्न आकार और बनावट की रंगीन सब्जियों का उपयोग करें। अपने बच्चे की थाली में दृश्य या चेहरे बनाकर उन्हें मज़ेदार बनाएं। सजावट के लिए खाने योग्य फूल या पुदीना डालें। आप इसे कुछ अतिरिक्त स्वस्थ वसा के लिए वेजी-आधारित डिप जैसे ह्यूमस या गुआकामोल के साथ भी परोस सकते हैं।

**उन्हें अपना विकास करना सिखाएं**

अपने बच्चे को सिखाएं कि अपनी सब्जियां कैसे उगाएं। साक्ष्यों से पता चलता है कि बच्चे उस भोजन को चखने में अधिक रुचि रखते हैं जिसे उन्होंने विकसित होते देखा है। ऐसा करने के लिए आपके पास बड़ी जगह होने की आवश्यकता नहीं है। गमले में लगे पौधे वाली खिड़की एक आदर्श शुरुआत है।

**उदाहरण देकर नेतृत्व करें**

आपका बच्चा आपसे सीखता है, और आपके खाने की आदतें उनकी आदतों को प्रभावित करेंगी। सुनिश्चित करें कि वे आपको सब्जियाँ खाते और उनका आनंद लेते हुए देखें, चाहे भोजन में या नाश्ते के रूप में।



## मर्दानी 3 में काम करेंगी रानी मुखर्जी!

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती है। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी वर्ष 2014 में प्रदर्शित हुई। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनाई जा रही है।

रानी मुखर्जी ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मै हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते है। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे। तभी हम मर्दानी 3 बना सकते है। इसे सिर्फ इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि, यह रोमांचक लगता है।

रानी मुखर्जी ने बताया कि मर्दानी फ्रेंचाइज की फिल्म केवल दर्शकों के प्यार की वजह से आगे बढ़ रही है, क्योंकि महिला प्रधान फ्रेंचाइज फिल्म का चलना बहुत कठिन होता है। इसे आगे बढ़ाने के लिए दर्शकों का प्यार चाहिए। जहां तक मर्दानी 3 की बात है, तो मै खुद वापस आना चाहती हूं। हर फिल्म को एक अच्छी कहानी की तलाश होती है। मर्दानी 3 फिल्म भी ऐसी है, जिसे बनाया जाना चाहिए। लेकिन बिना अच्छी स्क्रिप्ट के इसका तीसरा पार्ट बनाने का कोई मतलब नहीं है। ऐसे में हम अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में है। जैसी ही हमें अच्छी स्क्रिप्ट मिलेगी, हम मर्दानी 3 पर तुरंत काम शुरू कर देंगे। फ्रेंचाइज फिल्म हो या फिर दूसरी कोई नई फिल्म, हर फिल्म में आपका नाम जुड़ा होता है, आप उसमें होते है, तो आपसे दर्शकों की एक उम्मीद जुड़ जाती है।



## तेलुगू स्टार साई धर्म तेज को है भारतीय सिनेमा पर गर्व

**मुंबई (आईएएनएस)।** तेलुगू फिल्म अभिनेता साई धर्म तेज ने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'डंकी' और 'एक्वामैन' के साथ रिलीज होने वाली 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' को लेकर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा कि प्रभास-अभिनीत फिल्म हिंदी और हॉलीवुड फिल्मों के सामान है। साई धर्म तेज ने एक्स पर जाकर दिल छू लेने वाला नोट साझा किया, उन्होंने लिखाः तेलुगु सिनेमा ने जो लंबा सफर तय किया है, उसे देखते हुए बहुत गर्व महसूस होता है। 'सालार' ने हिंदी फिल्म डंकी और हॉलीवुड फिल्म 'एक्वामैन' के साथ अपनी समान उपस्थिति दर्ज कराई है, यह निश्चित रूप से एक अद्भुत उपलब्धि है जिसे हम बहुत पहले से हासिल करने की उम्मीद कर रहे थे और यह आज सच हो गया है। उन्होंने कहा, तीन शानदार और सुंदर उद्योग एक ही दिन में एक साथ आ रहे हैं और हमें एक बेहतर सिनेमाई अनुभव प्रदान कर रहे हैं जो अवास्तविक लगता है।

'सीटीएस' का पता लगाएगा

## एआई का नया टूल

**नई दिल्ली (भाषा)।** बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के अनुसंधानकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित एक 'टूल' विकसित किया है। यह टूल तंत्रिका तंत्र से जुड़े विकार 'कार्पेल टनल सिंड्रोम' (सीटीएस) का पता लगा सकता है। आईआईएससी के अनुसंधानकर्ताओं ने एस्टर-सीएमआई अस्पताल, बेंगलुरु के साथ साझेदारी में यह 'टूल' विकसित किया है जो अल्ट्रासाउंड वीडियो में 'मीडियन' तंत्रिका का पता लगाकर सीटीएस की पहचान करता है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार हाथ से बांह के अगले हिस्से से जाने वाली 'मीडियन नर्व' जब कलाई के 'कार्पेल टनल' हिस्से में दब जाती है तो सुन्नपन, सिहरन और दर्द जैसे लक्षण सामने आते हैं। यह तंत्रिका तंत्र से संबंधित आम विकार है और विशेष रूप से उन लोगों को प्रभावित करता है जो लंबे समय तक हाथ से काम करते हैं। इनमें कीबोर्ड पर काम करने वाले दफ्तरों के कर्मचारी, बढ़ई, वायलिन वादक, संगीतकार और खिलाड़ी शामिल हैं। वर्तमान में 'मीडियन नर्व' का पता लगाने और इसके आकार को मापने के लिए अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल किया जाता है। आईआईएससी में एमटेक के पूर्व विद्यार्थी करण आर गुजराती ने कहा, 'एक्स-रे और एमआरआई स्कैन के विपरीत अल्ट्रासाउंड की तस्वीरों तथा वीडियो का अध्ययन करना कठिन होता है।'



तंत्रिका तंत्र से जुड़ी इस बीमारी में कलाई हो जाती है सुन्न



## विन डीजल पर यौन शोषण का मुकदमा

**लॉस एंजेल्स (एपी)।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' स्टार विन डीजल पर उनकी पूर्व सहायिका एस्टा जोनासन ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह घटना वर्ष 2010 की है जब वह अभिनेता के साथ काम कर रही थीं। एस्टा जोनासन ने बृहस्पतिवार को लॉस एंजिलिस में एक मुकदमा दायर कर आरोप लगाया कि डीजल ने 2010 में अटलांटा के एक होटल में उसका यौन शोषण किया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि उसने होटल के कमरे से भागने की कोशिश की लेकिन अभिनेता ने उसे दबोच लिया तथा उसके साथ जबरदस्ती की। इस घटना के कुछ घंटों बाद डीजल की बहन सामंथा विंसेंट ने जोनासन को नौकरी से निकाल दिया था। मुकदमे में कहा गया है कि जोनासन को लगा कि वह 'कचरे का एक टुकड़ा' है और उनका आत्म सम्मान पूरी तरह 'चकनाचूर' हो गया था।



## ईशा मालवीय बनीं नई हाउस कैप्टन

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस में एक टास्क जीतने के बाद कप्तानी की कमान संभाल ली है। लेटेस्ट एपिसोड में तीखी बहस के बाद फैसला लिया गया। टास्क में घर वालों को दो टीमों में बांटा गया था, जिनके कप्तान नील भट्ट और विक्की जैन थे। नील ने अपनी टीम ए के लिए ऐश्वर्या शर्मा, अभिषेक कुमार, अरुण, रिंकू धवन और अनुराग डोभाल को चुना। विक्की ने बाकी कंटेस्टेंट्स को चुना और मुनव्वर संचालक थे। दोनों टीमों को उनके वर्कस्पेस पर रखा गया था, जहां उन्हें सेबों को बॉक्स में पैक करना था। टीम ए से ऐश्वर्या और टीम बी से अंकिता को क्वालिटी चेक मैनेजर्स के रूप में नियुक्त किया गया। काफी खींचतान के बाद, टीम बी ने सेब के दो बॉक्स के साथ टास्क जीत लिया, टीम ए के बॉक्स को टास्क के क्वालिटी चेक सेगमेंट में अस्वीकार कर दिया। ऐश्वर्या ने पहले अप्रूव्ड बॉक्स को दोबारा चेक करने की मांग की, लेकिन मुनव्वर ने इनकार कर दिया। टीम बी को अगला कप्तान बनाने के लिए टीम में से एक व्यक्ति को चुनने के लिए कहा गया। काफी चर्चा के बाद कंटेस्टेंट्स ने दो नाम अंकिता लोखंडे और ईशा मालवीय दिए। लेकिन उस पर भी बहस हो गई। जिसके बाद बिग बॉस को हस्तक्षेप करना पड़ा।



## रजोनिवृत्ति

### अचानक गर्मी लगने जैसे लक्षणों के लिए मनोवैज्ञानिक उपचार की सिफारिश क्यों

**रीडिंग (द कन्वरसेशन)।** रजोनिवृत्ति के कम से कम 40 लक्षण हैं। ये लक्षण किसी महिला के दैनिक जीवन और सेहत पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं, यही कारण है कि समय पर और प्रभावी उपचार तक पहुंच बहुत महत्वपूर्ण है। रजोनिवृत्ति के लक्षणों को वासोमोटर, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जैसी श्रेणियों में वर्णित किया जा सकता है। यह सब हार्मोन - मुख्य रूप से एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के स्तर में गिरावट के परिणामस्वरूप होता है। वासोमोटर अचानक से गर्मी लगने और रात में पसीना आने का वर्णन करता है। शारीरिक लक्षणों में मस्तिष्क कोहरा (याददाश्त और एकाग्रता के साथ समस्याएं), सोने में कठिनाई, चक्कर आना, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, सुन्नता, खुजली वाली त्वचा, मूत्राशय में समस्या के लक्षण और मूत्र पथ के संक्रमण शामिल हैं। और मनोवैज्ञानिक लक्षण का तात्पर्य खराब मनोदशा और चिंता से है। रजोनिवृत्ति से हड्डियों की कमजोरी(ऑस्टियोपोरोसिस) और हृदय रोग के विकास का खतरा भी बढ़ सकता है।

एक महिला के रोजमर्रा के जीवन पर इन लक्षणों के गंभीर प्रभाव को देखते हुए, कई लोग हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) की ओर रुख करते हैं। एचआरटी को लक्षणों को प्रबंधित करने का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर एक्सीलेंस (नाइस) द्वारा रजोनिवृत्ति के लिए पहली पंक्ति के उपचार के रूप में इसकी सिफारिश की जाती है। एचआरटी घटते हार्मोन की जगह लेता है। लेकिन 2015 से, नाइस ने इस भूमिका को भी पहचाना है कि संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) रजोनिवृत्ति के मनोवैज्ञानिक लक्षणों - जैसे खराब मूड और चिंता के प्रबंधन में एचआरटी का साथ निभा सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सीबीटी हल्के अवसाद और चिंता विकारों के लिए प्रभावी माना जाता है। लेकिन हाल के नाइस ड्राफ्ट दिशानिर्देशों में सुझाव दिया गया है कि महिलाओं को रजोनिवृत्ति के कारण अचानक गर्मी लगने, रात को पसीना आने और नींद की कठिनाइयों का प्रबंधन करने के लिए एचआरटी के बजाय या उसके साथ सीबीटी की पेशकश की जानी चाहिए। नाइस द्वारा इस बदलाव की अनुशंसा करने का एक मुख्य कारण महिलाओं को उनके लक्षणों को प्रबंधित करने के तरीके में अधिक विकल्प प्रदान करना है। सभी महिलाएं एचआरटी नहीं लेना चाहतीं या लेने में सक्षम नहीं हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि एचआरटी को स्तन कैंसर के थोड़े से बढे हुए जोखिम से जोड़ा गया है - हालांकि यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें उम्र, एचआरटी का प्रकार और कोई व्यक्ति इसे कितने समय से ले रहा है।

**प्रतिक्रिया**

इन नई सिफ़ारिशों को व्यापक प्रतिक्रिया मिली है, ख़ासकर महिलाओं की स्वास्थ्य स्थितियों के लिए बेहतर उपचार के लिए अभियान चलाने वालों की तरफ से। उदाहरण के लिए, माता-पिता के लिए यूके स्थित फोरम और समाचार वेबसाइट - मम्सनेट के संपादकों ने अपडेट की तीखी समीक्षा लिखी, जिसमें दावा किया गया कि मार्गदर्शन महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा। उन्होंने लिखा कि नए दिशानिर्देश यूके में मरीजों को एचआरटी सुझाने के लिए डॉक्टरों को और अधिक अनिच्छुक बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूके में लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए मनोवैज्ञानिक उपचार तक पहुंच पाना पहले से ही लगभग असंभव है - रजोनिवृत्ति के शारीरिक लक्षणों के लिए इसे प्राप्त करने में सक्षम होना तो दूर की बात है।



# किसानों के साथ सरकार का रवैया सौतेलापूर्ण : डा. वीरेन्द्र यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 121वीं जयंती पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया, उनकी जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई।



इस गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने चौधरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह देश के महान नेता और अर्थशास्त्री थे। वह किसानों के हित के लिए सदैव चिंतित रहते थे। उन्होंने मोदी सरकार को किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते आज देश का किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। किसानों की समस्यायों के प्रति मोदी सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।यह सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लगातार जुल्म और ज्यादती कर रही है। इनके जुल्म और ज्यादती के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। कहा कि जुल्म,अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष करना हम समाजवादियों का धर्म रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई है। अपने विचार व्यक्त करते हुए जंगीपुर विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी साहब किसानों के मसीहा थे। वह किसानों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझते थे। वह कहा करते थे कि असली भारत गांव में रहता है देश की तरक्की का रास्ता गांव के खेत खलिहानों से होकर गुजरता है। राष्ट्र तभी सम्पन्न हो सकता है जब उसके ग्रामीण क्षेत्र का उन्नयन किया गया हो। उन्होंने पुर्वांचल में चौधरी चरण सिंह के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय खोलने की मांग किया। विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने चौधरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे,वह निहायत ईमानदार व्यक्ति थे। वह कहते थे कि जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वह देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। आज जब देश का किसान अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलित है, खाद की किल्लत से जूझ रहा है, बढ़े हुए बिजली और डीजल के दामों के चलते उसकी आय निरन्तर घट रही है, किसानों के साथ भाजपा सरकार का रवैया सौतेलापूर्ण और संवेदनहीन हो गया हो ,ऐसे दौर में देश का किसान बहुत ही शिद्दत से चौधरी साहब को याद कर रहा है। इस विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, डॉ नन्हकू यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, राम औतार विश्वकर्मा, सीमा यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सदानंद यादव, अमित ठाकुर, अभिषेक कुशवाहा, दिनेश यादव, उपेन्द्र यादव, विजय शंकर यादव, निजामुद्दीन खां, विभा पाल, रीना यादव, कंचन रावत, बैजू यादव , हरिवंश यादव, कैलाश यादव, मुन्ना यादव, रामाशीष यादव, दया शंकर यादव एडवोकेट, गुड्डू यादव, मनीराम, अखिलेश यादव, गरीब यादव संजय यादव आदि उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रत्येक स्ट्रीट वेंडरों को लाभान्वित करने का है दृढ़ संकल्प : अभिषेक निगम

प्रखर वाराणसी। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति वाराणासी (उ०प्र०) सचिव अभिषेक निगम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बीएल डब्लू गेस्ट हाउस वाराणसी में अभिनंदन कर संसदीय क्षेत्र मे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 48000 लाभार्थियों की तरफ से आभार प्रकट करते हुए इस योजना से प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर को मिले सबल की जानकारी भी दी तत्पश्चात फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने कार्यालय पर बैठक कर पटरी व्यापारियों को बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाव स्ट्रीट वेंडरों के लिए अद्भुत है साथ ही साथ प्रधानमंत्री के 9 संकल्पों की चर्चा करते हुए बताया की हर स्ट्रीट वेंडरों तक 9 संकल्प चर्चा अवश्य करे साथ ही साथ डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से ही अपना अधिक से अधिक लेन देन करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा,सचिव अभिषेक निगम समेत फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूर्व मंत्री विजय मिश्रा ने बांटे पीएम आवास तथा गैस कनेक्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज सदर विकास खण्ड के अगस्ता सलामतपुर ग्रामसभा पहुंची। यहां उपस्थित ग्रामवासियों का केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विजय मिश्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये पहली सरकार होगी जो सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार के प्रतिनिधियों को गांव में भेज रही है। जहां लोग जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ भी उठा सकते है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तरफ ग्रामवासियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए श्री मिश्र ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है, और वह गरीबों को



मजबूत करने के लिए अपनी सरकार की योजनाओं को मूल आधार बनाये है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री अपनी हर बात की पूरी गारंटी के साथ रखते है और उस पर काम भी करते है। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, जिला कोषाध्यक्ष अच्छे लाल गुप्त, जिला महामंत्री सुरेश बिंद, मंडल महामंत्री मुरली कुशवाहा, ग्राम प्रधान संगीता देवी, पूर्व प्रधान पप्पू कुशवाहा, गुड्डू प्रधान प्रतिनिधि सेमराचकफैज, संजय चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## ईश्वर की प्राप्ति के लिए हृदय से समर्पण का होना परम आवश्यक: प. अखिलेश

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। पूज्य वैद्य वासुदेव मिश्र की तपोस्थली भारती विद्यापीठ परिसर में स्थित श्री रामजानकी मंदिर ठाकुर द्वारा में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में मुख्य आयोजक अनिल कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में यजमान के रूप में सपत्नीक अर्चन पूजन कर कथा का शुभारंभ कराया गया। कथा व्यास के रूप में आदर्श भारती महाविद्यालय के प्रवक्ता पं. अखिलेश चन्द्र मिश्र नें भागवत कथा के प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के अन्यान्य विवाहों का बड़ा ही मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। सुदामा और कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान की दीनबंधुता का परिचय कराया और यह सिद्ध किया कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए हृदय से



समर्पण होना परम आवश्यक है। यदुवंश को श्राप,कलि धर्म का वर्णन,नवयोगेश्वर संवाद एवं परीक्षित मोक्ष का बड़ा ही हृदयस्पर्शी व्याख्यान सुनाकर उपस्थित श्रोतावर्ग को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कथा के उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने हवन किया।आचार्य डॉ श्यामजीत पाण्डेय नें सविधि पूजन कराया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक अनिल कुमार उपाध्याय ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद एवं कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्राचार्य विनय कुमार सिंह एवं उनका समस्त स्टाफ, प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा, सफिया खान, प्रवक्ता विभा पाण्डेय एवं उनका समस्त स्टाफ, डॉ धर्मराज पाण्डेय, हरेन्द्र सिंह, डॉ उमादत्त मिश्र, शशिभूषण मिश्र, कृष्ण मुरारी मौर्य, मनोज शर्मा तथा क्षेत्र के बहुत सी श्रद्धालु भक्त,माताएं बहने उपस्थित हुई।

## मरदह के मदनपुर गांव में किसान दिवस के रूप में मनी चौधरी चरण सिंह जयंती



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश में किसानों की आवाज उठाने वाले कई बड़े नेता हुए, लेकिन किसान अपना मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मानते हैं। चौधरी चरण सिंह भले ही देश के प्रधानमंत्री के पद पर रहे हों, लेकिन आज भी उनको लोग किसान नेता के तौर पर याद करते हैं। इसीलिए 23 दिसंबर को हर साल उनके जन्मदिन के दिन किसान दिवस मनाया जाता है। ये बातें मरदह ब्लाक के मदनपुर गांव में आयोजित किसान जयंती के अवसर पर जंगीपुर के विधायक डा विरेन्द्र यादव ने कहा। दरअसल किसानों को भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। किसानों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए देश हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाता है। 23 दिसंबर को किसान दिवस देश के 5वें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। देश में कई किसान-अनुकूल भूमि सुधार नीतियों में योगदान दिया। 2001 में तत्कालीन सरकार ने चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में नामित किया। हमारे देश के किसानों के लिए उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए उन्हें सराहा जाता है। किसान दिवस पर पूरा देश खुशियां मनाता है। किसानों और ग्रामीण समाज के लोग कृषि संगीत कार्यक्रम और समारोह का आयोजन करते हैं और अपने चहेते नेता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर मेवा प्रधान, मारकंडेय ,शिवपरसन यादव, मुलायम, अशोक प्रधान, मुन्नीलाल राजभर, चंद्रबली प्रधान, मनोज कुमार, रामअधार यादव, उमाशंकर सिंह, पारस यादव, गुड्डू यादव, सिकंदर कनौजिया, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता लालू यादव किसान नेता व संचालन राजेंद्र यादव ने किया।

## डेहरी 7 मेडल सहित त्रिमूर्ति खिलाड़ियों का एथलीट में शानदार प्रदर्शन



प्रखर केराकत जौनपुर। सेनापुर में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21.12.23 से 22.12.23 तक आयोजित किया गया था, जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और खेल प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान हासिल किया। वहीं के0 डी0 स्पोर्ट्स खिलाड़ियों ने कोच सोनू यादव के नेतृत्व में कुल 10 मेडल प्राप्त किए जिसका परिणाम इस प्रकार रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग में अंशिका यादव 100 मी0 प्रथम व 800 मी0 में द्वितीय स्थान, आयुषी यादव 800 मी0 प्रथम व 100 मी0 में द्वितीय, नैंसी यादव 200 मी0 प्रथम व 800 मी0 में तृतीय, सचिन सरोज बालक वर्ग 100 मी0 द्वितीय व 800 मी0 में द्वितीय, जूनियर वर्ग राहुल चौहान 1500 मी0 तृतीय व कुश्ती में डीएम यादव द्वितीय स्थान प्राप्त किए। जब जौनपुर जनपद में जूनियर एथलीट खेल प्रतियोगिता की बात आती है, तो त्रिमूर्ति खिलाड़ियों के रूप में डेहरी गांव की तीन होनहार बालिका खिलाड़ी आयुषी, नैन्सी व अंशिका यादव सबके जुबा पर रहता है। जो पिछले कई वर्षों से पूरे जनपद में लगातार मेडलों पर अपना कब्जा जमाए हुए हैं। सर्टिफिकेट व उपलब्धि की बात करें तो खेल जगत में सैकड़ों उपलब्धि प्राप्त किए हैं। खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, के0 डी0 स्पोर्ट्स के कोच सोनू यादव, सहयोगी खिलाड़ियों, डेहरी ग्राम प्रधान पति फरहान अहमद व छिटौना ग्राम प्रधान पति सुभाष यादव (फौजी) को दिया।

# सपा के नव मनोनीत सांस्कृतिक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव व अम्बेडकर वाहिनी सदस्य का हुआ स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर नवमनोनीत समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव नरसिंह यादव और बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्रीराम गौतम और केशर कांत एडवोकेट का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का आरंभ समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रजनीकांत यादव और शिवमुनि यादव के स्वागत गीत से हुआ।

स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने नवनामित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए भाजपा सरकार को दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताया और कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की जरूरत



है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का दौर है आज सभी को मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, चौधरी चरण सिंह और नेता जी मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रक्खीं है ताकि समाज के सभी लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनका हक दिलाया जा सके। लेकिन दलित -पिछड़ा और अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा सरकार जातीय जनगणना नहीं कराने का हठ पाल रक्खीं हैं। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना ही देश और प्रदेश में समाजवाद और रामराज्य स्थापित करने में सहायक साबित होगी। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, रामवचन यादव,मदन यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, पंकज यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, राजेश कुमार यादव, नगीना यादव, वंशबहादुर कुशवाहा, जमुना यादव, अमित ठाकुर, सिंहासन यादव, रमेश यादव, सदानंद यादव, रामवचन यादव, लड्डुन खां आदि उपस्थित थे। इस स्वागत समारोह का संचालन जिला महामंत्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

## फरवरी से राशन कार्ड धारकों को मोटा अनाज में बाजरे का होगा वितरण

प्रखर दानगंज वाराणसी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत गरीबों को वितरित किए जाने वाले अनाज में बाजरा को भी शामिल कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में फरवरी से गरीबों को राशन के रूप में गेहूं, चावल के साथ बाजरा का वितरण भी किया जाएगा। इसके लिए चावल की मात्रा में कटौती की गई है। खाद्य तथा रसद विभाग ने इस संदर्भ में जिला



पूर्ति अधिकारियों से बाजरा की मात्रा के आवंटन संबंधी सुझाव मांगे हैं। अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद जीपी राय ने इस संबंध में जारी निदेर्शों में कहा है कि केंद्रीय उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जनवरी माह से चावल की मात्रा 25,000 मीट्रिक टन कम करके 25,000 मीट्रिक टन बाजरा वितरण की मंजूरी दी है। इसके अनुसार फरवरी माह से गरीबों को अंत्योदय अन्न योजना के तहत मिलने वाले 35 किलो अनाज में 14 किलो गेंहू व 21 किलो चावल के स्थान पर 14 किलो गेंहू,11 किलो चावल व 10 किलो बाजरा दिया जाएगा। इसी प्रकार पात्र गृहस्थियों के लाभार्थियों को दिए जाने वाले पांच किलो अनाज में दो किलो गेंहू व तीन किलो चावल के स्थान पर दो किलो गेंहू,दो किलो बाजरा व एक किलो चावल का वितरण किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस एक डूबती नावः आध्यात्मिक प्रेरक रवि चौधरी



प्रखर दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा देते हुए रवि चौधरी ने कांग्रेस पार्टी को एक डूबती नाव कहा है। आध्यात्म में बचपन से रुचि रखने वाले रवि चौधरी का कहना है कि कांग्रेस अपनी हार बर्दास्त नही कर पा रही है और दिन ब दिन लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में नए-नए ड्रामे रच रही है जिसका प्रतिनिधित्व आदरणीय राहुल गांधी जी कर रहे है। हाल ही में जो देश के उपराष्ट्रपति का मजाक माननीय सांसद ने आदरणीय युवराज राहुल गांधी जी की देखरेख में उड़ाया है उससे मेरा मन बहुत आहत हुआ और यह सब देखकर मैं अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूँ। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, आदरणीय जगदीप धनकड़ जी उपराष्ट्रपति के रूप में हमारे देश का प्रतिनिधित्व करते है उनका मजाक उड़ाना हमारे देश का मजाक उड़ाना है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आगे रवि चौधरी का कहना है कि कांग्रेस को अपना मन सबसे पहले शुद्ध करना चाहिए और आने वाली 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी सद्बुद्धि के लिए कामना करनी चाहिए।

## श्रीरामजानकी मंदिर मठ कसया में हर्षोल्लास से मनी गीता जयंती



प्रखर कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर मठ में शनिवार को हर्षोल्लास से गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पुजारी देव नारायण शरण द्वारा श्री राधा कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता के पूजन अर्चन से हुआ। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत त्रिभुवन शरण दास ने कहा कि मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी को गीता जयंती मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस पवित्र दिन कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था। इस दिन श्रीमद्भागवत गीता का दर्शन, पूजन व श्लोकों का वाचन पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, विश्वनाथ दास गुप्ता, सत्य नारायण दास, ओम प्रकाश शर्मा, रामशंकर गुप्ता, गोपाल जायसवाल, अंकिता सिंह, खुशी कुशवाहा, अल्का देवी, गीता देवी, सावित्री देवी, सरोज देवी, कृष्णावती देवी, दिव्यांशु, शिवानी, रमाशंकर कुशवाहा, मिथलेश सिंह, निशांत सिंह, राहुल यादव, धनंजय यादव, अशरफी इत्यादि उपस्थित रहे।

## स्कूल के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक करके सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के लिए किया गया जागरूक



प्रखर वाराणसी। मांझा बाजार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल धनईपुर, बासूचक गाजीपुर के बच्चों के नुक्कड़ नाटक के द्वारा आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना से कैसे बचे नुक्कड़ नाटक के द्वारा किया गया जागरूक नुक्कड़ नाटक में दिखाया गया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर चलें और शराब पीकर मोबाइल से बात करते हुए गाड़ी ना चलाएं ट्रैफिक नियम का पालन करें जिसको देखने के लिए बाजार में लोग काफी संख्या में मौजूद थे स्कूल के बच्चों के साथ मौके पर कोऑर्डिनेटर डॉ प्रदीप कुमार यादव अरुण कुमार यादव संदीप पांडे कामेश्वर आदि स्टाफ बच्चों के साथ मौजूद थे।

## सपा कार्यालय पर किसान दिवस पर किसानों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसान दिवस के अवसर पर किसान भाईयों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े धूमधाम से निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डा०अवधनाथ पाल के अध्यक्षता में मनाई गई। वही पूर्व विधायक लालबहादुर यादव ने जंयती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह देश के सबसे बड़े किसान नेता थें वें विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की सेवा की एवं उनकी ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के रूप में हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे प्रतिभाशाली एवं व्यवहारवादी चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते थे किसानों के लिए उन्होंने भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है ग्रामीण दिनदारों को राहत प्रदान करने वाले विभागीय स्वर्ण ऋणमुक्ति विधेयक 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाली अन्य लाभ काफी कम कर दिया गया था मुख्यमंत्री के रूप में ज्योत अधिनियम 1960 को लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राजभर में इसे एक सम्मान बनाया जा सके। अध्यक्षता करतें हुए

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं